● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 250, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 24 अक्टूबर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



फूलपुर सीट भी कांग्रेस को देने को तैयार अखिलेश 5



तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकती है टीम इंडिया 6

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव प्रदेश के विकास का यज्ञ है : मुख्यमंत्री

**विन्ध्य में औद्योगिक विकास के सभी संसाधन हैं मौजूद**

**निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सिंगरौली और कटनी में खुलेगा कंटेनर डिपो : मुख्यमंत्री**

**रीवा और सतना जिलों में नए औद्योगिक विकास क्षेत्र बनेंगे**

**सिंगरौली, मैहर और मऊगंज जिलों में बनाए जाएंगे एमएसएमई विकास क्षेत्र**

**बैढ़न औद्योगिक केन्द्र में पानी की आपूर्ति के लिए 84 लाख रुपए मंजूर**

**औद्योगिक निवेश के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर देंगे नई सहूलियतें**






**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा के कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में प्रदेश की पाँचवी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विन्ध्य के औद्योगिक विकास के लिए कई घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य में प्राकृतिक संसाधन, खनिज पदार्थ और उद्योगों के विकास के लिए सभी साधन उपलब्ध हैं। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में उद्योगों के विकास के लिए जिस सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया है उससे विन्ध्य में भारी मात्रा में निवेश होगा। रीवा में इस कार्यक्रम के लिए शानदार व्यवस्थाएं की गईं। यहाँ निवेश के लिए कई उद्योगपति इच्छुक हैं। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव केवल एक कार्यक्रम नहीं है यह प्रदेश के औद्योगिक विकास का यज्ञ है। इसमें सरकार की नीतियों को अमली जामा पहनाने में प्रशासन की टीम ने बहुत शानदार काम किया है। हर विभाग ने बेहतर से बेहतर प्रदर्शन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में दो दिन पहले ही एयरपोर्ट का शुभारंभ किया गया है। विन्ध्य के विकास को गति देने तथा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सिंगरौली और कटनी में कंटेनर डिपो बनाए जाएंगे। साथ ही निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आईएसडी कंटेनर तथा लॉजिस्टिक पार्क भी बनेंगे। रीवा और सतना में नए औद्योगिक क्षेत्र एवं सिंगरौली, मऊगंज और मैहर जिलों में एमएसएमई के नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। बैढ़न औद्योगिक केन्द्र में पानी की आपूर्ति के लिए 84 लाख रुपए की नई योजना मंजूर कर ली गई है। विन्ध्य में हेल्थ टूरिज्म का विकास करने के लिए कई प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीधी जिले के संजय दुबरी अभ्यारण्य में विश्व स्तरीय पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र के सहयोग से होटल रिसार्ट आदि का विकास किया जाएगा। प्रदेश में बड़े उद्योगों की स्थापना के मामले में यदि नियमों में परिवर्तन की आवश्यकता होगी तो कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर उद्योगों को सहूलियत देंगे।

समारोह में उप मुख्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि बाणसागर के पानी ने पूरे रीवा क्षेत्र की तस्वीउर और तकदीर बदली है। रीवा में विकास के अनेक कार्य हुए हैं। जिनमें सफेद शेर की वापसी, गुढ़ में 750 मेगावॉट का सौर प्लां ट और रीवा को एयरपोर्ट की सुविधा के कार्य शामिल हैं। उन्हो,ने कहा कि रीवा में औद्योगिक, हरित और पर्यटन की क्रांति से गरीबी ढूंढे नहीं मिलेगी। उन्हो्ने कहा कि अब हम देश विदेश के उद्योगपतियों से पूरे फक्र के साथ कह सकते हैं कि हमारे यहां उद्योग लगाने की संपूर्ण सुविधा विकसित हो चुकी है, हमारे यहां आईए और उद्योग लगाईए। उप मुख्योमंत्री ने कहा कि रीवा में अभी 3 लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हुई है। अब इसे 4 हजार करोड़ रूपये की लागत से अन्य सिंचाई योजनाओं के माध्यम से रीवा जिले की एक-एक इंच भूमि को सिंचित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा और विंध्य क्षेत्र को अनुपम सौगातों के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने रीवा में सफलता पूर्वक इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव के आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया।

समारोह में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री तथा रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि 2024 इन्वेस्टर मीट के सकारात्मक संवाद के लिए इतिहास में दर्ज होगा। उन्होंने कहा सरकार उद्योग हित और श्रमिक हित का संकल्प व्यक्त करती है। उन्होंने मुख्यमंत्री जी को रीवा में इस आयोजन के लिए बधाई दी। समारोह में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कश्यप ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से जिलों में उद्योगों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उनमें विकास और उन्नति की नई दृष्टि का विकास हुआ है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव प्रदेश में समग्र और समेकित विकास की परिकल्पना को साकार करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश निश्चित ही विकास के नए आयाम और ऊंचाइयों को छुएगा।

समारोह में प्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का उद्देश्य प्रदेश का समेकित विकास तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग को बढ़ावा देना है। रीवा संभाग में उद्योगों के लिए पर्याप्त भूमि, पानी और बिजली उपलब्ध है। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के अवसरों तथा प्रमुख सचिव उद्योग राघवेन्द्र कुमार सिंह ने औद्योगिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। समारोह में अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे, प्रमुख सचिव पर्यटन शिवशेखर शुक्ला ने विन्ध्य में विकास के विभिन्न आयामों की जानकारी दी।

समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 21 औद्योगिक इकाईयों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इनकी कुल लागत 2690 करोड़ रुपए है। मुख्यमंत्री ने रीवा में कालेज चौराहे में 50 हजार वर्गफिट में बनाए जा रहे 10 मंजिला आईटी पार्क का भी भूमिपूजन किया। इसकी लागत 66.71 करोड़ रुपए है। रीवा के चोरहटा औद्योगिक केन्द्र को बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए मुख्यमंत्री ने औद्योगिक केन्द्र में विद्युत सब स्टेशन निर्माण का भूमिपूजन किया। समारोह में रीवा और सतना में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एकेएस यूनिवर्सिटी सतना तथा पर्यटन विकास निगम के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री जी के समक्ष नगर निगम रीवा ने औद्योगिक केन्द्र चोरहटा को औद्योगिक जल की आपूर्ति के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, नगरीय आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्रा, सांसद सतना श्री गणेश सिंह, सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा, विधायक गुढ़ श्री नागेंद्र सिंह, विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, डॉ अजय सिंह, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आयुक्त जनसम्पर्क डॉ सुदाम पंढरीनाथ खाडे, अतिरिक्त सचिव मुख्यमंत्री डॉ इलैयाराजा टी, एमडी एमपीआईडीसी चन्द्रमौली शुक्ला, संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी एम एस सिकरवार, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रियंका ने वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन भरा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रोड शो के बाद वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ भाई राहुल गांधी, मां सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे।

प्रियंका ने नामांकन से पहले कहा- जब मैं 17 साल की थी, तब मैंने पहली बार पिता के लिए 1989 में कैंपेन किया था। तब से इन 35 साल के दौरान मां, भाई के लिए वोट मांगें। अब पहली बार खुद के लिए समर्थन मांग रही हूं।

राहुल गांधी ने कहा कि वायनाड देश का ऐसा क्षेत्र है जहां से 2 सांसद हैं। एक आधिकारिक सांसद और दूसरा अनौपचारिक सांसद। दोनों वायनाड के लिए काम करेंगे। प्रियंका गांधी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने उनके खिलाफ नाव्या हरिदास को उतारा है। लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना और वायनाड छोड़ दी। यहां 13 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। इस अवसर पर प्रियंका ने कहा कि जो लोग सत्ता में हैं, उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए नफरत का इस्तेमाल किया। उन्होंने अलगाव पैदा किया। यह वह राजनीति नहीं है जिस पर हमारा राष्ट्र बना था। महात्मा गांधी के नेतृत्व में हमारा स्वतंत्रता आंदोलन समानता और हर धर्म के प्रति सम्मान से प्रेरित था।

उन्होंने कहा कि ईसा मसीह हमें विनम्रता के बारे में सिखाते हैं। बुद्ध की शिक्षाएं हमें अहिंसा का मार्ग दिखाती हैं। राष्ट्रवाद की इन्हीं वैल्यूज के लिए आज हम लड़ रहे हैं। हम सत्य, न्याय और समानता के लिए लड़ रहे हैं। इन्हीं मूल्यों ने मेरे भाई को प्रेम और एकता के लिए पूरे भारत में चलने के लिए प्रेरित किया।

## साइक्लोन दाना, ओडिशा में 288 राहत टीमें तैनात

**पुरी/कोलकाता।** अंडमान सागर से उठा चक्रवाती तूफान 'दाना' बंगाल की खाड़ी की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। तूफान का बहारी हिस्सा ओडिशा के तट तक पहुंच चुका है। इसकी वजह से भद्रक जिले में बारिश शुरू हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार तूफान का सबसे ज्यादा असर ओडिशा पर पड़ेगा। करीब आधे राज्य में इसका बहुत ज्यादा प्रभाव देखने को मिलेगा। तूफान अभी 500 ष्द्व दूर है, लेकिन 13 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

मौसम विभाग ने तूफान दाना के 24 अक्टूबर की सुबह तक बंगाल की खाड़ी में गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका जताई है। ये 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह तक कभी भी ओडिशा के पुरी जिले और पश्चिम बंगाल के सागर नाम के टापू (दक्षिण 24 परगना जिले में) के बीच टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 120 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है। तूफान से निपटने के लिए ओडिशा ने नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स , ओडिशा डिजास्टर रिलीफ फोर्स और फायर ब्रिगेड की 288 टीमें तैनात की हैं। तूफान के गंभीर असर की आशंका वाले 14 जिलों के सभी स्कूल-कॉलेज की 25 तक छुट्टी की गई है।

## एनसीपी अजित गुट की पहली लिस्ट में 38 प्रत्याशी



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को एनसीपी अजित पवार गुट ने पहली लिस्ट जारी की। इसमें 38 कैंडिडेट्स के नाम हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार बारामती से चुनाव लड़ेंगे। यह बारामती लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है।

बारामती लोकसभा सीट शरद पवार की पारंपरिक सीट रही है। यहां से इस बार उनकी बेटी सुप्रिया सुले जीती थीं। सुप्रिया ने लोकसभा चुनाव में अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को हराया था।

इससे पहले मंगलवार देर रात शिवसेना (शिंदे गुट) ने 45 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कोपड़ी पाचपाखाडी से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, मंत्री उदय सामंत को रत्नागिरी से टिकट दिया गया है।

महायुति ने अब तक 182 नाम की घोषणा की है। इसमें भाजपा के 99, शिवसेना (शिंदे गुट) के 45 और अजित गुट के 38 कैंडिडेट के नाम शामिल हैं।

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोटिंग और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र में महायुति यानी शिवसेना (शिंदे गुट), भाजपा और एनसीपी अजित पवार गुट की सरकार है। एंटी इन्कम्बेंसी और 6 बड़ी पार्टियों के बीच बंटने वाले वोट को साधना पार्टी के लिए बड़ी चुनौती होगी।

## दिल्ली की जामिया यूनिवर्सिटी में 2 गुटों के बीच झड़प

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जामिया मीलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में मंगलवार को दिवाली के कार्यक्रम के दौरान दो गुटों में झड़प हो गई। चश्मदीदों ने बताया कि झड़प के दौरान कुछ स्टूडेंट ने फिलिस्तीन के समर्थन के नारे भी लगाए। उन्होंने महिला स्टूडेंट पर अभद्र टिप्पणियां कीं। घायल हुए छात्रों को देर रात अस्पताल पहुंचाया गया। डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी के कॉलेज दिवाली की छुट्टियों के लिए बंद हो रहे हैं, इसलिए मंगलवार शाम करीब साढ़े 6 बजे सेलिब्रेशन रखा गया था। इस दौरान स्टूडेंट के एक गुट ने नारेबाजी और हंगामा करना शुरू किया। इसके जवाब में दूसरे गुट ने भी नारेबाजी की। इसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। झड़प की जानकारी लगते ही हम मौके पर पहुंचे और स्टूडेंट को समझाकर सिचुएशन को काबू में लाया गया।

## जम्मू-कश्मीर में दरबार मूव की बहाली में जुटी अब्दुल्ला सरकार

**श्रीनगर।** उमर अब्दुल्ला की सरकार जम्मू-कश्मीर में 150 साल पुरानी दरबार मूव परंपरा को फिर से बहाल करने की तैयारी में है। जम्मू-कश्मीर मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने दैनिक भास्कर को बताया कि अब्दुल्ला सरकार की अगली कैबिनेट मीटिंग में दरबार मूव परंपरा की बहाली पर फैसला हो सकता है।

इसके दोबारा शुरू करने के पीछे तर्क है कि इस परंपरा के बंद होने से जम्मू में कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जम्मू को दरबार मूव की जरूरत है।

जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर और जम्मू के बीच राजधानी को ट्रांसफर स्थानांतरित करने से संबंधित 152 साल पुराने दरबार मूव को एलजी मनोज सिन्हा ने जून 2021 में समाप्त कर दिया गया था। दरबार मूव परंपरा को 1872 में जम्मू-कश्मीर के डोगरा राजवंश के महाराजा रणबीर सिंह ने शुरू किया था। गर्मी आने पर वे जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर शिफ्ट कर देते थे। और जब सर्दियां आती थीं तब जम्मू शिफ्ट कर देते थे।

भयंकर सर्दी और भयंकर गर्मी से बचने के लिए ऐसा किया जाता था। राजधानी ट्रांसफर करने से श्रीनगर और जम्मू दोनों की जगहों के व्यापार में 6-6 महीने बहुत तेजी रहती थी। फारूक अब्दुल्ला को परंपरा बंद करने की कोशिश की, विरोध हुआ साल 1987 में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कोशिश की थी कि ये परंपरा बंद कर दी जाए। उन्होंने पूरे साल सचिवालय श्रीनगर में रखने के आदेश भी जारी किए थे। लेकिन उनके इस फैसले का जमकर विरोध हुआ था। जम्मू में जमकर प्रदर्शन हुए थे।

## सीमा पर शांति बनाये रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए : पीएम

### 5 साल बाद मोदी-जिनपिंग की द्विपक्षीय बातचीत, दोनों नेताओं ने 50 मिनट चर्चा की



**कजान (रूस)।** रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 5 साल बाद बुधवार, 23 अक्टूबर को द्विपक्षीय बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने सीमा विवाद को जल्द से जल्द निपटाने, आपसी सहयोग और आपसी विश्वास को बनाए रखने पर जोर दिया।

2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह पहली बाइलैटरल मीटिंग थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा, सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि हम खुले मन से बात करेंगे और हमारी चर्चा कंस्ट्रक्टिव होगी।

हम 5 साल बाद औपचारिक रूप से बैठक कर रहे हैं। पिछले 4 सालों में सीमा पर पैदा हुई समस्याओं पर जो सहमति बनी है, उसका हम स्वागत करते हैं। सीमा पर शांति बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

इससे पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा, दोनों देशों को अपने मतभेदों को सही तरीके से संभालना चाहिए। हमें अपने विकास के सपनों को साकार करने के लिए कम्युनिकेशन और आपसी सहयोग को मजबूत करना चाहिए। भारत और चीन को संबंध स्थिर बनाए रखने के लिए एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना चाहिए, जिससे दोनों देशों के विकास लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिल सके।

अब आगे क्या? सीमा विवाद को सुलझाने के लिए दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि जल्द ही बैठक करेंगे। इसमें भारत की तरफ से एनएसए अजीत डोभाल और चीन की तरफ से विदेश मंत्री वांग यी शामिल होंगे।

भारत-चीन में पेट्रोलिंग पर समझौता भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर को बताया था कि भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर समझौते पर सहमति बन गई है। इससे मई, 2020 से पहले की स्थिति वापस आएगी।

मोदी-जिनपिंग की बातचीत के बाद भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि दोनों नेताओं की 5 साल बाद बातचीत हुई है। दोनों देशों के नेताओं ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग समझौते का स्वागत किया है।

विदेश सचिव ने कहा कि दोनों देशों के बीच मुद्दों को सुलझाने के लिए स्पेशल रिप्रिजेंटेटिव नियुक्त किए गए है। भारत की तरफ से एनएसए अजीत डोभाल और चीन की तरफ से विदेशमंत्री वांग यी होंगे। ये दोनों जल्द ही औपचारिक बैठक करेंगे।

# कोतवाली पुलिस ने किया रेट फिक्स

## बिना नंबर ट्रैक्टरों से हो रहा रेत का परिवहन, ओवर लोड गाड़ियों से हो रही वसूली

**सिंगरौली।** पूरे मध्य प्रदेश में इस समय जिले में रेत सबसे महंगी बिक रही है। जबकि एक दर्जन से अधिक रेत की खदानें यहां संचालित है। वजह रेत का सिंडिकेट और पुलिस की वसूली बताई जा रही है। चर्चा है कि पुलिस ट्रैक्टरों और डंपरों से प्रतिमाह के हिसाब से पैसे वसूल रही है। ऐसे में अब आम लोगों का घर बनाने का सपना पूरा होने में पहले के मुकाबले ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ेगी। गौरतलब है कि जिले में इन दोनों रेत का अवैध कारोबार वेदस्तूर जारी है। यहां रेत का कारोबार करने वाले सिंडिकेट बनाकर रेत की कीमत बढ़ा दी है। पिछले साल तीन से चार हजार रुपये में बिक रही ट्राली अब पांच से छरू हजार रुपये में पड़ रही है। जबकि 300 फिट वाले डंपर मेंरे 15 से 16 हजार रुपए में मिल रही है। खनन के पट्टों पर रोक है। इसके बावजूद सक्रिय खनन माफिया



### ट्रैक्टर का एक लाख तो हाइवा का डेढ़ लाख महीना!

पुलिस की मिलीभगत से खनन कर कई गुने दामों में रेत बेच रहे है। सूत्रों की माने तो रिहंद नदी से गनियारी और बलियरी से व्यापक पैमाने पर रेत का खनन हो रहा है। जबकि यहां से रेत निकालने पर प्रतिबंध है। बावजूद इसके कोतवाली पुलिस ट्रैक्टरों से प्रतिमाह एक लाख रुपए जबकि डंपर से डेढ़ लाख रुपए महीना लेकर रेत निकालने की खुली छूट दीं हैं। रेत के अवैध कारोबार में दो दर्जन से ज्यादा ट्रैक्टर जबकि दर्जनों डंपर दिन ढलते ही रेत खनन और परिवहन शुरू कर देते हैं। वहीं रेत की ओवर लोड गाडियों से प्रति ट्रिप 500 रूपए की अवैध वसूली की जा रही है। चर्चा है कि कोतवाली पलिस केवल रेत के कारोबार से 20 लाख रुपए से ज्यादा हर माह वसूल रही है।

### ओवर लोड गाडियों से हो रही वसूली

क्षेत्र की सडकों पर रेत के ओवर लोड वाहनों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेत के बेरोकटोक चलने वाले ओवर लोड वाहनों से सडकों की दिनों दिन हालत बदतर होती जा रही है। ओवरलोड वाहनों के कारण हर समय हादसे की आशंका बनी हुई है। लेकिन पुलिस को यह ओवरलोड गाडयिां नजर नहीं आती। चर्चा है कि कोतवाली पुलिस रेत के अवैध कारोबार में शामिल है। अवैध रेत की कमाई सिपाही से लेकर थाना प्रभारी तक पहुंच रहा है। सूत्रों की माने तो ओवरलोड गाडियों से 500 से 1000 रूपए पुलिस वसूल रही है। दिन भर में 50 से 60 हाइवा और डंपर से रेत का परिवहन हो रहा है।

### बिना नंबर ट्रैक्टरों से हो रहा रेत का परिवहन

पुलिस व परिवहन विभाग की ओर से परिवहन नियमों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु तमाम अभियान चलाए जाते हैं। इसके तहत कार्रवाई भी की जाती है। बलियरी और गनियरी से बेरोकटोक दौडने वाले ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट नजर आते हैं। इन पर प्रभावी कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। वाहनों में रेत ऊपर तक भरी रहती हैं। ओवरलोडिंग के कारण हादसे का खतरा बना रहता है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि रेत के बिना नंबर प्लेट चल रहे ओवरलोड वाहनों से यदि कोई हादसा हुआ, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

# जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## तीन विद्यालयों को मिला उच्चतम स्थान,78 विद्यालय हुए थे शामिल

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश जिला स्तरीय जैवविविधता क्विज 2024 प्रतियोगिता का आयोजन वन विभाग,मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल एवं लोक शिक्षण,मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में 21 अक्टूबर को उमंभ भवन एनटीपीसी विध्यनगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल बंसल वन मण्डल अधिकारी सिंगरौली द्वारा माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजन के साथ किया। वन मण्डलाधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उच्च प्रयास के साथ जीवन में सतत आगे बढने की शुभकामनाएं प्रतिभागी बच्चों को दी गई। उक्त प्रतियोगिता में सिंगरौली जिले के 78 विद्यालय सम्मिलित हुए। प्रत्येक विद्यालय के समूह में तीन विद्यार्थी सम्मिलित थे। क्विज प्रतियोगिता



के दौरान 90 प्रश्नो के उत्तर प्रतिभगियों द्वारा दिए गए। उक्त प्रतियोगिता में बहुविकल्पीय, जोडियो बनाओं, सही अथव गलत,रिक्त स्थान की पूर्ति,एक शब्द में उत्तर सम्मिलित थे। प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल विध्यनगर,सीएम राइज शाउमा विद्यालय देवसर व शा.कन्या उमावि देवसर उच्चतम स्थान प्राप्त किए। विजेता टीमों को पदक और प्रमाण पत्र भी एसडी सोनवानी उप मण्डल अधिकारी देवसर,नरेन्द्र त्रिपाठी उप वन मण्डल अधिकारी बैढन द्वारा प्रदान किया गया। जिला स्तरीय क्विज कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र त्रिपाठी नोडल अधिकारी एवं नारायण प्रसाद पाण्डये क्विज मास्टर द्वारा किया गया। विजेता छात्रों को बधाई दी गई एवं उत्साहवर्धन किया गया।

# महाविद्यालय में मेहंदी व दिया मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**सिंगरौली।** मायाराम महाविद्यालय में बुधवार को मेहंदी एवं दीया मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । स्व. बैस मायाराम शिक्षा समिति के अध्यक्ष बद्री नारायण बैस के मार्गदर्शन में एवं प्राचार्य डॉ अविनाश राय और साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी जतिंदर कौर के निर्देशन में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने हर्ष उल्लास के साथ इसमें भाग लिया तथा विभिन्न प्रकार के दीए भी बनाएं। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरती तिवारी बीएससी फर्स्ट ईयर और द्वितीय स्थान पर रिंकू केसरी बीएससी फर्स्ट ईयर इसी प्रकार दीया मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रज्ञा बीएससी फर्स्ट ईयर, द्वितीय स्थान पर दो विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। रंगीता एवं रंजीता बीएससी फर्स्ट ईयर, तीसरे स्थान पर पूजा बीएससी फर्स्ट ईयर रही। सांत्वना पुरस्कार शंकर दयाल बीएससी फर्स्ट ईयर को दिया गया। सभी प्रतिभागियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी गई।

# एनसीएल की नापी करने आई टीम व पार्षद में कहा सुनी, बैरंग लौटी टीम

सिंगरौली

वार्ड क्रमांक 9 अंतर्गत आदर्श गंगा स्कूल के समीप स्व. राजेश कोल के घर के नापी के दौरान वार्ड पार्षद शेखर सिंह एवं नापी टीम के बीच हुई कहा सुनी के बाद नापी टीम बिरंग लौट गयी। जानकारी के अनुसार स्व. राजेश कोल के घर विधवा महिला की जगह अन्य नाम के कारण उसका नाम जोडने के लिए आग्रह करने गए वार्ड पार्षद शेखर सिंह से नापी टीम ने धौंस जमाते हुए पूछा कि आप कौन हैं और यहां क्या करने आए हैं। जिस बात पर दोनों के बीच कहा सुनी होने लगी। जिसके बाद टीम ने नापी को बीच में ही रोककर बैरंग



लौट चली गयी। वही वार्ड पार्षद शेखर सिंह का इस मामले में कहना है कि एनसीएल प्रबंधन की लापरवाही से नापी टीम द्वारा मनमानी किया जा रहा है। यदि इस पर एनसीएल के उच्च अधिकारियों द्वारा रोक नही लगाई गयी तो भविष्य में नापी कार्य को रोकने अभियान चलाया जायेगा।

# निगम अमले ने मिष्ठान भंडारो का किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** दीपावली पर्व के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थो के विक्रय की संभावना बनी रहती है। नगरीय क्षेत्र में मिलावट खाद्य पदार्थो के विक्रय के रोकथाम के लिए कलेक्टर ने दल गठित कर मिष्ठान



दुकानो, डेयरी फर्मो की औचक जॉच कर मिलावटखोरो के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। बुधवार तहसीलदार रमेश कोल ,फू ड सेफ्टी ऑफिसर मुकुंद झरिया प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार व संतोष तिवारी के अगुवाई में निगम अमले के द्वारा नगरीय क्षेत्र में संचालित मिष्ठान दुकानो का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थो मिठाईयो की जॉच की गई। जहां सेंपल लेने के बाद संचालको को निर्देश दिया है कि अपने प्रतिष्ठानो साफ -सफाई रखे। किसी भी प्रकार मिलावटी खाद्व पदार्थो का विक्रय नही करें।

# प्रतीक अंग्रेजी व्याख्याता के लिए हुए चयनित

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश राज्य स्कुल शिक्षा सेवा शिक्षणक संवर्ग के अतंर्गत प्रतीक धर द्विवेदी पिता अरूण धरद्विवेदी ज्ञानी गुरु की उच्च माध्यमिक शिक्षक



पद पर बतौर अंग्रेजी विषय हेतु चितरंगी उत्कृष्ट विद्यालय में पेस्टिंग होने से परिवार सहित रिश्तेदार इष्ट मित्रों मे खुशी व्याप्त है। प्रतीक धर द्विवेदी ने बताया कि माता पिता के आशीर्वाद से और गुरु जनों के अनुशासन में अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद कड़ी लगन से तैयारी किया। प्रतीकधर द्विवेदी को शिक्षक अंग्रेजी व्याख्याता बनने पर बधाई देने का ताता लग गया।

# नाबालिक को उत्तरप्रदेश से किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** सरई पुलिस ने नाबालिक बालिका को उत्तरप्रदेश से दस्तयाब कर परिजनों को सुपूर्द कर दिया है। बताया गया कि 13 अक्टूबर को फरियादी साजापानी निवासी ने सरई थाने में आकर रिपोर्ट कराया कि मेरी छोटी लडकी घर से बिना बताए कहीं चली गई है। काफी पता तलाश करने के बाद भी पता नही चल सका है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया। विवेचना दौरानअपहृता मोबाइल नम्बर का लोकेशन के आधार पर अपहृता को ग्राम खुल्दाबाद थाना खुल्दाबाद जिला प्रयागराज उप्र से नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर परिजन को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देश पर सरई थाना प्रभारी शेषमणि पटेल,उनि राम नरेश पटेल,ओम प्रकाश शर्मा,मआर विमला सिंह की भूमिका रही।

# आईसीसी ने सूर्या द्विवेदी को झारखंड चुनाव में दी विधानसभा को-ऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी

**सिंगरौली।** झारखंड प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा युवा कांग्रेस सिंगरौली के पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्या द्विवेदी को जामा विधानसभा में कोऑर्डिनेटर की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि सूर्या द्विवेदी कांग्रेस पार्टी के सक्रिय नेताओं में से एक हैं ,जिनको युवा



कांग्रेस के द्वारा पहले भी अन्य राज्यों में चुनाव में जिम्मेदारी मिल चुकी है। इस बार ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव में श्री द्विवेदी को पहली बार बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर अपने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किए है। श्री द्विवेदी के चाहने वालों ने शुभकामनाएं प्रेषित कर खुशी जताई है।

# नगरीय क्षेत्र में व्यापार करने वाले व्यापारियो को ट्रेड लायसेंस लेना अनिवार्य

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के उपायुक्त आरपी बैस ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में व्यापार करने वाले सभी व्यावसाईयो को ट्रेड लायसेंस लेना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि ट्रेड लायसेंस लेकर व्यापारी भाई सुगमता से अपना व्यापार कर सकते है। तथा इससे उनके व्यापार को वैधता भी मिलती है। उपायुक्त श्री बैस ने कहा कि व्यापारी भाई ट्रेड लायसेंस के लिए नगर निगम में आवश्यक दस्तावेज जिनमें स्व-प्रमाणित घोषणा पत्र शपथ पत्र, स्थापना पंजीयन का प्रमाण पत्र, किरायानामा, सम्पत्तिकर की रसीद, फार्म पंजीकरण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति तथा आवेदक तथा दुकान का फोटो निगम कार्यालय में प्रस्तुत कर सुगमता से ट्रेड लायसेंस प्राप्त कर सकते। उन्होनें नगरीय क्षेत्र में व्यावसाय कर रहे सभी व्यापारियों से आग्रह किया है कि निगम कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर ट्रेड लायसेंस लेकर ही अपना व्यवसाय करें इससे उनके व्यापार को वैधता भी मिलती है।

# सीएम हेल्प लाईन के ग्रेडिंग में सिंगरौली को मिला पहली बार प्रथम स्थान

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले को पहली बार सीएम हेल्प लाईन के निराकरण पहला स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तर से जारी रैंक्रिंग में सिंगरौली जिला जहां ए ग्रेड प्राप्त किया है। माह सितम्बर में कुल 7243 शिकायते प्राप्त हुई थी। जिनमें से 6110 शिकायतो का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करते हुये 84 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये है। वहीं राजस्व विभाग में भी सीएम हेल्प लाईन के शिकायतों का निराकरण कर ए ग्रेड प्राप्त किया है।

# सिद्धिखुर्द विकेता व ऑपरेटर हितग्राहियों का अंगूठा लगवाकर खाद्यान्न में कर दिए गोलमाल

## ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत, कार्यवाही की मांग

**सिंगरौली।** जनपद पंचायत क्षेत्र बैढन सिद्धीखुर्द शासकीय उचित मूल्य की दुकान विक्रेता व सहायक ऑपरेटर का एक खाद्यान्न में गोलमाल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सिद्धीखुर्द व्रिकता व ऑपरेटर के द्वारा ग्रामीणों का अंगूठा लगवाकर खाद्यान्न में भारी गोलमाल किया गया। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर के पास करते हुए खाद्यान्न विक्रेता व सहायक आपरेटर पर कार्यवाही की मांग की है। बताते चले कि शासकीय उचित मूल्य की दुकाल सिद्धिखुर्द के विक्रेता शत्रुधनलाल शाहू व सहायक आपरेटर रामसुभग साकेत के द्वारा हितग्राहियों का अंगुठा लगवाकर कुछ लोगो को खाद्यान्न



नही दिया गया बल्कि विक्रेता के द्वारा हितग्राहियों के हिस्से के खाद्यान्न को गायब कर दिया गया। बताया गया कि विक्रेता व आपरेटर के द्वारा पिछले माह अगस्त एवं सितंबर में गरीब लोगो का कुछ लोगो को खाद्यान्न दिया था बाकि गोलमाल कर दिया गया था। वहीं बताया जा रहा है कि विक्रता कुछ लोगो का अंगुठा भी नही लगाया बल्कि रजिस्टर में फर्जी तरीके से लोगो का नाम दर्ज फर्जी अंगुठा लगाकर खाद्यान्न का गवन किया गया। ग्रामीण हितग्राहियों ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए कहा कि उक्त मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही की जाए ताकि गरीब हितग्राहियों का खाद्यान्न मिल सके।

# 35 लाख का गबन करने पर कोषालय लिपिक को कलेक्टर ने निलंबित

## गबन राशि को ब्याज सहित वसूल करने का निर्देश

सिंगरौली

कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा जिला कोषलय सिंगरौली अंतर्गत उप कोषालय चितरंगी में पदस्थ विजय कुमार सोधिया सहायक ग्रेड-2 लिपिक को 35 लाख रूपये शासकीय राशि का गबन करने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही जिला कोषालय अधिकारी को निर्देश दिया है कि गबन राशि ब्याज सहित संबंधित लिपिक से वसूल करें। एवं सम्पूर्ण राशि की वसूली नही होने पर लिपिक की चल अचल सम्पंत्ति जप्त कर वसूली करें। मालूम हो कि लिपिक विजय कुमार सोधिया के द्वारा कई डीडी अपने व्यक्तिगत खाते में आंतरित कर उक्त राशि का गबन किया गया है। शासकीय राशि का निजि खाते में जमा करना गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। कलेक्टर ने इस कृत्य के लिए संबंधित लिपिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने निर्देश दिये है। जारी आदेश के तहत स्टेट बैंक का परीक्षण करने पर कई डीडी जो उप कोषालय चितरंगी वा देवसर से संबंधित थी। जो लगभग 35 लाख श्री सोधिया के खाते में जमा होना पाया गया है। उक्त अवधि में चितरंगी एवं देवसर में पदस्थ थे। कलेक्टर ने निलंबित करते हुये जिला मुख्यालय पेंशन शाखा में अटैच किया गया है तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वह भत्ते का भुगतान किया जायेगा।

**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजीनियरिंग निर्माण शाखा**
**खुली निविदा ( सिंगल पैकेट प्रणाली )**
उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-। पश्चिम मध्य रेल, रीवा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा नोटिस आमंत्रित करते है। निविदाएँ बन्द होने की तारीख 11/11/2024 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल / संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नही होंगी तथा हस्त निविदाओ को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाए पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा क्रमांक**-डिप्टी.सी.ई. सी-1/रीवा-13-2024 दिनांक-19/10/2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-रीवा-सीधी नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में गोविंदगढ़- रामपुर नैकिन के बीच पुल, रिटेनिंग वॉल, तटबंध / कटिंग, स्टेशन यार्ड, नालियां, पहुंच मार्ग आदि में विविध कार्यो का निष्पादन। **निविदा का अनुमानित मूल्य**-रू. 7,93,35,782.18, **निविदा फार्म की कीमत रु.**- रु.00, **बयाना राशि रु.**- रु. 5,46,700.00, **कार्य समापन अवधि ( माह )**-06 माह मानसून सहित, **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय**-दिनांक 11/11/2024 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई. आर. ई. पी. एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओ से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।
**उप-मुख्य इंजीनियर ( निर्माण )**
**रीवा पश्चिम मध्य रेल**
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

# हर घर तक नल से जल की पहुंच सुनिश्चित हो : श्रीवास्तव

## भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय की सचिव ने की जल शक्ति अभियान की समीक्षा



**सीधी।** भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय की सचिव गरिमा श्रीवास्तव द्वारा जल शक्ति अभियान कैच द रेन की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। श्रीमती श्रीवास्तव 23 से 25 अक्टूबर 2024 तक जिले के प्रवास के दौरान जल संरक्षण तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में किए गए विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करेंगी। साथ ही वह हितग्राहियों के साथ संवाद भी करेंगी। सचिव श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि हर घर तक नल से जल की पहुंच सुनिश्चित करना भारत सरकार की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। यह जल शक्ति से नारी शक्ति की अवधारणा को दृष्टिगत रखते हुए महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास है। घर -घर तक नल से जल पहुंचने से महिलाओं के समय और ऊर्जा की बचत होगी। महिलाएं अपनी ऊर्जा अन्य आर्थिक गतिविधियों में लगा पाएंगी जिससे वह आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनेगी।

उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान में स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिले में जो भी कार्य किया जा रहे हैं उसकी ऑनलाइन फीडिंग अनिवार्य रूप से करे जिससे कि जिले की रैंकिंग देखी जा सके। जल शक्ति अभियान में सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। विभाग प्रमुख आपसी समन्वय रखें जिससे शासन की मंशानुसार कार्य किया जा सके।

जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों के विषय में चर्चा करते हुए श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि वर्षा जल का संरक्षण तथा पानी के अपव्यय को रोकना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्षा जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें तथा अधिक से अधिक मात्रा में वर्षा के जल के रोकने के प्रयास किए जाएं। कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा सभी विभागों को समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ ने जिले में पुष्कर धरोहर योजना तथा अमृत सरोवर योजना अंतर्गत जिले में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल जल प्रदाय योजना तथा समूह जल प्रदाय योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जिले मे जल शक्ति से नारी शक्ति की ओर कार्य किया जा रहा है। अशोक शुक्ल परियोजना अधिकारी मनरेगा द्वारा जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई ।

# जिले में सम्पदा 2.0 से दस्तावेजों का पंजीयन प्रारंभ



**सीधी।** सीधी जिले में सम्पदा 2.0 से दस्तावेजों के पंजीयन किए जा रहे हैं। 22 अक्टूबर को सेवा प्रदाता अंजली शुक्ला व सुनीता गुप्ता द्वारा उपपंजीयक प्रकाश नारायण त्रिपाठी से दस्तावेजों का पंजीयन नए पोर्टल द्वारा करवाया गया रजिस्ट्री में क्रेता राकेश कुमार शुक्ला को उनके हस्ताक्षर करने के 05 मिनट उपरांत मोबाइल नम्बर व ई-मेल के माध्यम से रजिस्ट्री की डिजिटल प्रति प्राप्त हो गई।

जिला पंजीयक अभिषेक सिंह बघेल ने बताया कि सम्पदा 2.0 से सम्पति के पंजीयन अत्यंत सहज व सरल होने के साथ पंजीकृत दस्तावेज के आधार हस्ताक्षरित होने से सुरक्षित है। पक्षकारों का आधार आधारित ई-केवाईसी द्वारा पहचान स्थापित की जाती है तथा संपति की पहचान मूल विभागों की यूनिक आईडी के माध्यम से की जाती है।

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री एवं अतिथियों का बघेली लोक संस्कृति एवं परंपरागत नृत्यों से किया गया स्वागत

## सीधी के लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध



सीधी। संभागीय मुख्यालय रीवा में पहली बार कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम रीवा में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का बघेलखण्ड के लोक कलाकारों द्वारा बघेली संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत का आकर्षण गुदुम नृत्य रहा। कार्यक्रम में प्रस्तुत लोक संगीत की गूंज से परिसर मंत्रमुग्ध हुआ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा, सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्रा, सांसद सतना श्री गणेश सिंह, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी एम एस सिकरवार सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के ग्राम बकबा मड़वास के लाल बहादुर घासी एवं दान बहादुर घासी के दल द्वारा गुदुम बाजा नृत्य की, ग्राम बकबा मड़वास के चंद्रभान सिंह एवं नरेंद्र सिंह के दल द्वारा सैला नृत्य की तथा ग्राम रामपुर तहसील गोपदबनास के राजभान साहू एवं शिवकरण यादव के दल द्वारा अहिराई नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। लोक कलाकारों की ऊर्जा से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने आगंतुकों को विन्ध्य की संस्कृति की झलक दिखाते हुए उनमें ऊर्जा का संचार किया।

# सीधी जिले में निवेश प्रोत्साहन केंद्र का हुआ शुभारंभ



**सीधी।** निवेशकों को निवेश परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में जरूरी सुविधायें, सहायता और सिंगल विंडो के जरिये सभी आवश्यक अनुमतियां उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार सीधी जिले में निवेश प्रोत्साहन केंद्र का शुभारंभ कलेक्टर कार्यालय सीधी में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा किया गया।

कलेक्टर कहा कि निवेश प्रोत्साहन केंद्र की मदद से निवेशकों को परियोजनाएं स्थापित करने में सहूलियत होगी और यह क्षेत्र के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सर्व सुविधायुक्त और सुसज्जित कक्ष में स्थापित किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश में उद्योगपतियों एवं उद्यमियों के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कार्यक्रम रीवा में आयोजित किया गया है। जिले में कृषि आधारित तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना की भी अच्छी संभावनाएं हैं। निवेश प्रोत्साहन केन्द्र से पूरे क्षेत्र में औद्योगिक निवेश से जुड़े सभी आयामों की जानकारी दी जायेगी जिससे निवेशकों का काम आसान होगा।

# विद्युत संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए वृत्त स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक 25 अक्टूबर को

**सीधी।** अधीक्षण अभियंता (संचा-संधा) मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सीधी ने सर्वसाधारण एवं उपभोक्तओं को सूचित किया है कि विद्युत उपभोक्ताओं के शिकायत निवारण के लिए वृत्त स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक दिनांक 25.10.2024 दिन शुक्रवार को समय 11:30 बजे सुबह कार्यालय अधीक्षण अभियंता (संचा-संधा) वृत्त सीधी में आयोजित की गई है। विद्युत संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए इच्छुक उपभोक्ता नियत समयावधि में संपर्क करने कर सकते है।

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में पंजा दरी कालीन ने किया जिले का प्रतिनिधित्व



**सीधी।** संभागीय मुख्यालय रीवा में पहली बार कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में उद्योगों एवं उद्योगपतियों को आकर्षित करने के लिए रीवा संभाग की विशेषताओं पर आधारित प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थाओं द्वारा अपने उत्पादों एवं संस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रदर्शन किया गया। सरकारी संस्थाओं एमपीआईडीसी, केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क, दलित इंडियन चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा उद्योगों के लिए चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाएं, आयात-निर्यात पॉलिसी, जीएसटी शुल्क आदि जानकारी से अवगत कराया गया। प्रदर्शनी के दौरान स्वसहायता समूहों, निजी संस्थाओं तथा स्टार्टअप द्वारा अपने उत्पादों का कौशल प्रदर्शन किया गया।

कॉन्क्लेव में सीधी जिले के एक जिला एक उत्पाद में चयनित उत्पाद पंजा दरी कालीन द्वारा जिले का प्रतिनिधित्व किया गया। पंजा दरी का प्रदर्शन आदर्श स्वसहायता समूह एवं सलमा स्वसहायता समूह के माध्यम से किया गया। सीधी जिले का पंजा दरी अपने चटख रंग, सुंदर डिजाइन और कई वर्षों तक टिकाऊ रहने के लिए प्रसिद्व है। साथ ही उद्यानिकी विभाग सीधी के माध्यम से पीएमएफएमई योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाई का भी प्रदर्शन किया गया।

# गाँधी विद्यालय के बच्चों ने राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान अर्जित किया



**सीधी।** राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता जो की दिनांक 14 सितंबर से 19 सितंबर तक खंडवा जिले में आयोजित हुई थी जिसमें रीवा संभाग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिसमें हमारे गांधी विद्यालय के दो होनहार खिलाड़ी अब्दुल चिश्ती रहमान पिता, उबैदुल रहमान अनादि कृष्ण गुप्ता पिता, दिलीप कुमार गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन दिया इन खिलाड़ियों को बधाई के लिए विद्यालय के प्रबंधक फादर थोमस तेलेकाट प्राचार्या सिस्टर लिन्सी, वाईस प्राचार्या सिस्टर हेलेना किंडर गार्डन इंचार्ज सिस्टर बोनी मारिया माननीय जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेमलाल मिश्रा जिला क्रीड़ा अधिकारी हरिशंकर पांडे ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप वर्मा पी टी आई किर्ती सिंह, मोहम्मद अशरफ, आर.बी. सिंह रीवा संभाग के दल प्रबंधक फुटबॉल कोच नुरु स्लाम खेल युवा कल्याण विभाग खेल प्रशिक्षक मनिन्द खान रोशन जायसवाल गाँधी विद्यालय के पी.टी.आई. मो0 मामून अन्सारी, पी.टी. आई. हेलेन तिर्की एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# मिलावटी मिठाइयों एवं अन्य खाद्य सामग्रियों के लिए जॉच दल गठित

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर त्यौहारों के दौरान दुकानदारों द्वारा बिक्री किये जाने वाली मिलावटी मिठाइयों एवं अन्य खाद्य सामग्रियों के जॉच तथा दुकानों का औचक निरीक्षण किये जाने के लिए जॉच दल गठित किया गया है। जारी आदेशानुसार जॉच दल के अध्यक्ष अनुविभागीय दण्डाधिकारी होंगे। इसी प्रकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सदस्य तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी सदस्य सचिव होंगे। उपरोक्त जॉच दल द्वारा समस्त दुकानों/प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर उपलब्ध मिठाइयोंध्समस्त खाद्य सामग्रियों की सेम्पलिंग कराकर नमूना जॉच कराकर दोषी पाये जाने वाले संचालकों पर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करेंगे। जॉच दल में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला सीधी द्वारा प्रति दिवस अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं जॉच दल से समन्वय स्थापित कर उनके निर्देशन में जॉच कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी एवं प्रति दिवस का प्रतिवेदन समक्ष में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने सैकड़ो लोगों को बनाया सक्रिय सदस्य, डॉ अनूप मिश्रा सहित अनेक लोग रहे शामिल

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व के अंतर्गत प्राथमिक सदस्यता अभियान की शानदार सफलता के पश्चात सक्रिय सदस्यता अभियान भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगवाई में जोरों पर चल रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ चिकित्सा एवं समाजसेवी डॉ अनूप मिश्रा को सक्रिय सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर सक्रिय सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, डॉ मनोज सिंह परिहार, संगीता सिंह चौहान, हीरालाल कोरी, नरेंद्र गौतम, राजकुमारी यादव, रन्नू साकेत, राजभान यादव, अजीत पाण्डेय, उत्कर्ष यादव, पंकज पाण्डेय, अन्नू पाण्डेय, जय सिंह चौहान सहित सैकड़ो पार्टी के पादरी कार्यकर्ता और शामिल हैं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी
Website – www.mppwd.gov.in/pwdmp, email – eepwdsidhi@mp.nic.in
नि सू क्र. 05/2024–25 सीधी, दिनांक 18.10.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र – 'अ' मे निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग मे उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है : –

| मुख्य क्र. | टेंडर आई0डी0 | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_PWDRB_376476 | उपसंभाग मझौली अन्तर्गत सिलवार मड़वास मार्ग के कि.मी. 8/10 सेंहडा नदी मे पूर्व निर्मित क्षतिग्रस्त हयूम पाईप रपटा का पुनर्निर्माण कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022 | 51.06 | 1. 51060 2. 10000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 2 | 2024_PWDRB_376477 | उपसंभाग मझौली अन्तर्गत नरगी महखोर मार्ग के कि.मी. 1/6 जमार नाला मे हयम पाईप कलवर्ट का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर 25.03.2022 | 4.23 | 1. 8460 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह |
| 3 | 2024_PWDRB_376478 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत सिविल कोर्ट कैम्पस सीधी में फैमली कोर्ट एवं विशेष कोर्ट भवन की छत का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 4.13 | 1. 8260 2. 2000 | 1. तृतीय आमंत्रण 2 03 माह |
| 4 | 2024_PWDRB_376479 | उपसंभाग मझौली के उपखण्ड मड़वास अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर 01.01.2024 | 5.03 | 1. 10060 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 5 | 2024_PWDRB_376480 | उपसंभाग मझौली के उपखण्ड पथरौला अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 5.30 | 1. 10600 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| 6 | 2024_PWDRB_376481 | उपसंभाग मझौली के उपखण्ड मझौली अन्तर्गत पुल पुलियाओ का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर 25.03.2022 | 14.00 | 1. 28000 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह |
| | | योग :– | 83.75 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 23.10.2024 सुबह 10.30 से 07.11.2024 शाम 5.30 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा–अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित संशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल वेबसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

(एम.के. परते)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग सीधी (म.प्र.)

जी-18021/24

# अभियोक्त्री के साथ छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को 01 वर्ष की सजा

**सीधी।** बताया गया कि अभियोक्त्री अभियुक्त के दुकान पर सामान खरीदने जाया करती थी, तो अभियुक्ति उससे बोला करता था कि तुम अपने पति व बच्चे को छोड़ दो, उसके पास आ जाओ, वह उसको रख लेगा। उसके मना करने पर और गुस्सा करने पर, मजाक कर रहा हूं, बोलता था। अभियोक्त्रील का पति कमाने खाने बाहर गया था। दिनांक 20.09.2016 को भी अभियोक्त्रीय उसकी दुकान पर गई थी, तो वह फिर से वही सब्र कहने लगा। तब वह उसकी दुकान में जाना बंद कर दी। जब उसके पति वापस लौट आये तो उन्हें सारी बाते बताई। दिनांक 04.10.2016 के दोपहर एक बजे तकरीबन अपने घर से दूर बंधे मवेशियों को चारा दे रही थी, तभी अभियुक्तं मोटरसाईकिल से आया, गाड़ी रोककर उससे उसकी अस्मरत मांगने लगा व बुरी नियत से उसका हांथ पकड़कर उसे जंगल की तरफ ले जाने लगा तथा कहने लगा कि उसके परिवार के लोग उसे छोड़ देगें तो वह उसे रख लेगा। तब वह हल्ला गोहार की तो घर से उसके पति और सास दौड़कर आयी तो उन्हें देखकर वह मोटरसाईकिल से स्कूल तरफ भागा और बोला कि किसी से कुछ बताओगी तो जान से मार दूंगा तब वह और उसके पति स्कूल की ओर गए और घटना के संबंध में वहां उपस्थित शिक्षकों को बताया। अभियोक्त्री की उक्त रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली द्वारा अपराध क्रमांक 885/2016 अंतर्गत धारा 354क, 354, 506 भाग-2 भा.द.स. पर कायमी कर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कर अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण अन्वेषण में लिया गया। संपूर्ण अन्वेषण उपरांत थाना कोतवाली सीधी, जिला सीधी द्वारा अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक 878/2016 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री सीनू वर्मा द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्या यिक मजिस्ट्रेभट प्रथम श्रेणी, सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपी रामलाल साहू तनय सीताराम साहू उम्र-31 वर्ष, निवासी बोदरहा थाना कोतवाली जिला सीधी म0प्र0 को धारा 354 एवं धारा 354(क) भादवि के अपराध में कुल 01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2,000/- रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की धनराशि में से रूपये 1,000/-रूपये (एक हजार रूपये मात्र) अभियोक्त्री को धारा 357(1) दं.प्र.सं. के प्रावधानों के अनुसार अपील अवधि पश्चात अपील न होने की स्थिति में अभियोक्त्री को क्षतिपूर्ति स्वरूप दिलाये जाने का आदेश पारित किया गया।

# एकलव्य विद्यालय हड़बड़ों के छात्र सुयश सिंह का संभाग स्तरीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयन

**सीधी।** जिले के उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे एकलव्य विद्यालय के कई छात्र-छात्राएं शामिल हुए और बेहतरीन प्रदर्शन किए। कई छात्रों में से सुयश सिंह कक्षा 9वी का चयन संभाग स्तरीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, नीतू सिंह, संरक्षक शीलध्वज सिंह, प्रबंधक विनोद सिंह, श्यामलाल शर्मा, प्राचार्य स्वेता सिंह, राजेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ शिक्षक मनीता सिंह, प्रीति शुक्ला, मनोज खरे, संजय पाण्डेय, सचिन सिंह, विदित सिंह, ध्रुवदेव सिंह, अरविंद सिंह, शशिमा सिंह, संध्या शुक्ला, अमिता सिंह, नमिता सिंह, सुनीता विश्वकर्मा, ज्योतिप्रभा द्विवेदी, करूणा मिश्रा, जयप्रकाश पाण्डेय, सोनू सिंह, सपना तिवारी, माधव सिंह, अर्पिता सिंह,अनूप लखेरा आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

### जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों की बौखलाहट

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर घटना है। इस हमले से न केवल आतंकवादियों की बौखलाहट का पता चलता है बल्कि उनकी बदली प्राथमिकताओं का भी अंदाजा मिलता है। पिछले कई वर्षों से सुरक्षा बलों की चौकसी के चलते जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी। ऐसे इलाकों को चुना गया जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले और टूरिस्टों का आना कम हो। मगर ये तमाम चालें निष्फल साबित हुईं। चुनाव में बाधा डालने का उनका प्रयास भी नाकाम रहा। न केवल लोकसभा चुनाव बल्कि विधानसभा चुनाव भी शांतिपूर्वक संपन्न हुए। इतना ही नहीं, इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बने। ऐसे में अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे। गौर करने लायक बात है कि इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखता है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए टूरिस्टों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित की जा सकेगी। जाहिर है, विदेशी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है। लेकिन जैसा कि हमले के बाद आई प्रतिक्रियाओं से साफ है इस मसले पर पक्ष-विपक्ष पूरी तरह एकजुट है।

**अपराधी को उसके अपराध के लिए दिया गया इनाम कितना घातक हो सकता है, कश्मीर इसका जीता-जागता उदाहरण है। कश्मीरियों को तो यह ट्रिक हाथ लग गया कि ज्यदतियां करो और बदले में दिल जीतने के लिए एक-एक नए तोहफे मिलते रहेंगे। कोई बताएगा कि बीते दशकों में कश्मीरियों का दिल जीतने की नीति से क्या फायदा हुआ है यह कहा जा सकता है कि कश्मीर में अब बदलाव साफ दिख रहा है। हां, मान लिया, कश्मीर बदल रहा है। लेकिन कैसे, दिल जीतने की नीति से या कड़ी कार्रवाई से दिल जीतने की नीति लागू रही और पत्थर चलते रहे।**

# निर्दोषों के खून से कब तक कश्मीरियों का दिल जीतते रहेंगे सरकार अब तो कुछ सोचिए

(नवीन कुमार पाण्डेय)

'जैसा को तैसा', 'शठे शाठ्यम समाचरेत', 'लातों के भूत, बातों से नहीं मानते'। क्या सरकार और नौकरशाही में बैठे लोगों को इस कहावत के सबक पता नहीं हैं अगर हैं तो फिर कश्मीरियों का दिल जीतने की नीति अब तक लागू कैसे है बल्कि यह नीति लागू ही क्यों हुई थी क्या कभी किसी परिवार में, दोस्ती-यारी में, संस्थान में या कहीं और भी ऐसा होता है कि जो घृणित और अमानवीय व्यवहार करे, उसे दंड देने के बजाय उसे नई-नई तरकीबों से ललकारा-पुचकरा जाए क्या ऐसी नीति न्यायपूर्ण, तर्कपूर्ण और मानवीय मापदंडों पर खरा उतरने वाली है अगर नहीं तो कश्मीर में ऐसी ही नीति कैसे लागू हुई और आज तक क्यों जारी है जब बार-बार विभत्स उदाहरण मिल रहे हैं कि इस नीति पूरी तरह असफल रही है और किसी एक का भी दिल नहीं जीता जा सका है और ना जीता जा सकता है।

हर व्यक्ति, संस्था, देश, समाज की तरह समुदाय और कौम का भी अपना मिजाज होता है। मुसलमानों की एक ऐसी कौम है जो मिजाज से बहानेबाज और व्यवहार से हिंसक है। दुनिया का शायद ही कोई ऐसा कोना हो जहां इस कौम ने शांति की पहल में योगदान दिया हो। इसके उलट विश्व में जहां कहीं भी अशांति है, उसके पीछे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस कौम का हाथ ही है। आतंकी, जिहादी, उग्रवादी सोच के लोगों की रहनुमाई वाली इस कौम में जो मुट्ठीभर लोग अपने व्यवहार में इंसानियत को सर्वोपरि रखते हैं, वो घुट-घुटकर जीने को अभिशप्त हैं। वो भी डर के साये में जीवन गुजारने को मजबूर हैं क्योंकि पता नहीं कब क्या फतवा आ जाए।

ऐसी कौम का दिल दुनिया में कहीं कोई जीत पाया हो, इसका आजतक तो कोई उदाहरण नहीं मिला है। फिर बलात्कारी, हत्यारे, नरसंहारी कश्मीरियों का दिल जीतने का जेहन कैसे तैयार हुआ, यह एक बड़ा सवाल है। ये तो अपराध को पुरस्कृत करने जैसा है। अपराधी को उसके अपराध के लिए दिया गया इनाम कितना घातक हो सकता है, कश्मीर इसका जीता-जागता उदाहरण है। कश्मीरियों को तो यह ट्रिक हाथ लग गया कि ज्यदतियां करो और बदले में दिल जीतने के लिए एक-एक नए तोहफे मिलते रहेंगे। कोई बताएगा कि बीते दशकों में कश्मीरियों का दिल जीतने की नीति से क्या फायदा हुआ है



यह कहा जा सकता है कि कश्मीर में अब बदलाव साफ दिख रहा है। हां, मान लिया, कश्मीर बदल रहा है। लेकिन कैसे, दिल जीतने की नीति से या कड़ी कार्रवाई से दिल जीतने की नीति लागू रही और पत्थर चलते रहे, पाकिस्तान जिंदाबाद और भारत मुर्दाबाद के नारे लगते रहे, आतंकियों को पनाह और मदद मिलते रही। वहां जो भी बदलाव दिख रहा है, वो 'जैसे को तैसा' की नीति से, ना कि दिल जीतकर। कितने कश्मीरियों का दिल जीत पाए यह तो कुछ घंटों और दिनों में ही पता चल जाए, अगर वहां से सेना को हटा लिया जाए और सुरक्षा में ढील दे दी जाए। कश्मीरियों का दिल जीता जा सकता है, इसका कोई उदाहरण किसी के पास है क्या अगर नहीं तो फिर अगले कितने वर्षों तक यह प्रयास चलता रहेगा कोई कह सकता है कि आतंकवाद में मुसलमान भी तो मारे गए और मारे जाते हैं। फिर इस तर्क से तो पाकिस्तान का यह दावा भी सही है कि वह आतंकवाद का पोषक नहीं बल्कि भुक्तभोगी है क्योंकि आतंकवादी घटनाओं में उसके 70 हजार से ज्यादा लोग मारे गए। सांप तो पालने वाले को भी डस सकता है और डसता है। यह कौन सी नई बात है भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान की चालाकी पर पानी फेरने के लिए यही दलील तो देता है। फिर अंदरूनी आतंकवाद में भारत के कर्ता-धर्ताओं की बुद्धि भ्रष्ट कैसे हो जाती है

कहा जाता है कि जम्मू-कश्मीर के चुनावों में धांधली हुई थी। माना। तो क्या धांधली कश्मीरी पंडितों ने की थी अगर नहीं तो फिर धांधली को कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार से कैसे जोड़ा गया ये दोनों अलग-अलग मामले थे। धांधली की जांच होती और कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचारों की भी। फिर जो तथ्य सामने आते, उसके अनुसार कार्रवाइयां होतीं। लेकिन कितनी चालाकी से कश्मीरी पंडितों के खिलाफ छिड़े अमानवीय अभियान को चुनाव में धांधली के कारण पैदा हुए आक्रोश से जोड़ दिया गया! ये भारत में ही हो सकता है, दुनिया में कहीं और संभव नहीं।

कोई भी पूछ सकता है, निदान क्या है मेरे लिए निदान से बड़ा न्याय है। अगर किसी के साथ अत्याचार हुआ है तो उसे न्याय मिलना चाहिए। अगर कोई अत्याचारी है तो उसे दंड मिलना चाहिए। कश्मीरियों ने जो किया है, उन्हें उसका अहसास ही नहीं क्योंकि उनके दिल जीतने की नीति लागू हो गई। इस नीति ने अत्याचारियों को ही पीड़ित महसूस करवाया है और आज भी करवा रही है। वो खुद को पीड़ित होने का प्रपंच करके आतंकवाद को जस्टिफाई करते हैं। होना तो यह चाहिए कि उन्हें सही मायने में अहसास हो जाए कि वो अत्याचारी हैं, पीड़ित नहीं और उन्होंने जिन पर जुल्म ढाया है, उन्हें उनका दिल जीतने की जरूरत है, वरना उनका और उनकी आने वाली नस्लों का वर्तमान और भविष्य गर्त में होगा।

दलील तो यही भी दी जाएगी कि आम कश्मीरियों का क्या गुनाह और आतंकियों को तो मारा ही जा रहा है। फिर जैसा को तैसा ही नियम लागू है। तो सवाल उठता है कि अगर आम कश्मीरी बिगड़े नहीं हैं तो उन्हें मनाने की जरूरत क्या है आप किसका दिल जीतना चाहते हैं निश्चित रूप से आतंकियों का नहीं। दिल जीतने की कोशिश तो उसी की होती है, जिसका दिल टूटा हुआ है। कोई टूटे दिल से किसी का भला तो नहीं चाहता है। अगर ऐसा है तो किसी का दिल टूटा भी हो तो उसे जोड़ने की जहमत कौन उठाएगा और क्यों अगर टूटे दिल को जोड़ने की जुगत हो रही है, इसका मतलब है कि इसकी सख्त दरकार है। ये सब बातें यही बताती हैं कि आम कश्मीरी कोई भोले इंसान नहीं हैं। वो आतंकवाद में किसी ना किसी हद तक हिस्सेदार हैं। नहीं तो 15 अगस्त, 2019 के बाद से कई कश्मीरियों की नौकरियां क्यों छीनी गईं, उन पर मुकदमें क्यों लादे गए

क्या कोई कश्मीरी है जो आतंकवादी को शहीद नहीं मानता हो फिर वह निर्दोष, बेगुनाह और आम कैसे है कोई भला कैसे उम्मीद कर सकता है कि उसे कश्मीरी पंडितों की पीड़ा का अहसास भी होगा या वो कभी पंडितों की पीड़ा महसूस करना भी चाहेगा इसलिए सिर्फ आतंकी नहीं, उसे पनाह देने वाले, उसे जानकारियां देने वाले भी बेधड़क ठिकाने लगाए जाएं। आखिर बिहार समेत अन्य पिछड़े राज्यों का कसूर क्या है कि वहां विकास की विशेष पहल नहीं हो और निर्दोषों के खून से लाल हुई घाटी में विकास की गंगा बहे क्या सरकार की यह नीति से यही संदेश नहीं जाता है कि अत्याचार और अन्याय को इनाम दिया जाएगा और इंसानियत का रास्ता चुनने वालों को दंड कश्मीरियों का दिल जीतने की नीति साफ-साफ यही कहती है।

कश्मीर के लिए नीति बदलने का वक्त बीतता जा रहा है। अब कश्मीरियों का दिल जीतने की कवायद छोड़ उन्हें यह अहसास करवाने की जरूरत है कि उन्होंने जो किया, वो अक्षम्य है और अब नहीं सुधरे तो बैक डेट से हिसाब चुकता किया जाएगा। अगर इस संदेश के बाद भी वो नहीं सुधरें तो फिर ऐसी कार्रवाई हो कि उनके दिलोदिमाग में यह बैठ जाए कि उन्हें अब पंडितों और भारत का दिल जीतने की जरूरत है। अगर ऐसा नहीं किया, पंडित के साथ-साथ भारत सरकार नाराज हुई तो कश्मीरियों की खैर नहीं। आखिर सीधी उंगली से घी नहीं निकले तो उंगली टेढ़ी तो करनी ही पड़ती है।

# चुनावी मैदान में मशीनी झूठ बेलगाम

(निर्भय सिंह)

अमेरिकी चुनाव में इन दिनों हर तरफ एआई के झूठ की ही चर्चा है। डोनाल्ड ट्रंप के झूठ अब भी पहले नंबर पर हैं। उन्हें वैसे भी झूठ बोलने की मशीन कहा जाता है। चुनाव का दौर झूठ बोलने का मौसम होता है। चुनाव में और भी बहुत कुछ होता है, लेकिन जब चुनाव आते हैं, तो झूठ ही उनका असली सच बन जाता है। यह वह मौसम है, जब सभी लोकतांत्रिक देशों में सच पर परदा डालने की परंपराएं उत्सवपूर्वक निभाई जाती हैं। भारत में इसकी बहार तो हम अक्सर देखते रहते हैं, इन दिनों अमेरिकी चुनाव में जो हो रहा है, उससे भारत समेत दुनिया के तमाम देश बहुत कुछ सीख सकते हैं।

वैसे, इस बात की आशंका बहुत पहले से थी कि अमेरिकी राष्ट्रपति का अगला चुनाव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सहारे ही लड़ा जाएगा। झूठ का उत्पादन भी इसी से होगा और उसके भंडाफोड़ का जरिया भी यही बनेगा। यही हो भी रहा है और बड़े पैमाने पर हो रहा है। एआई को चुनावी झूठ तैयार करने की मशीन बना दिया गया है। जब तक आप पिछले झूठ का सच जान पाते हैं, आपके सामने तब तक सौ नए झूठ आ चुके होते हैं। सबसे बड़ी बात है कि एआई इस काम को इतनी प्रामाणिकता से अंजाम देता है कि लोग सच और झूठ में अक्सर फर्क ही नहीं कर पाते।

इस बार के चुनाव में राष्ट्रपति पद की एक प्रमुख दावेदार कमला हैरिस महिला हैं। महिलाओं को लेकर झूठ बोलना और उनका चरित्र-हनन करना बहुत आसान होता है। अगर आप किसी जहीन महिला को मूर्ख साबित करने की कोशिश करें, तो उसे सही मानने वाले या उस पर चुटकी लेने वाले भी बहुत मिल जाएंगे। अमेरिका में इन दिनों इस सबके लिए एआई का भरपूर इस्तेमाल हो रहा है।

पिछले दिनों एआई से तैयार कमला हैरिस का एक ऐसा वीडियो जारी हुआ, जिसमें वह एक सभा में बेसिर-पैर की बातें कर रही हैं। यह वीडियो इतने अच्छे ढंग से तैयार किया गया था कि शक की कोई गुंजाइश ही न बचे। बहुत से लोग इसके झांसे में आ गए। झांसे में आने वाले इन लोगों में अमेरिका के ख्यात उद्योगपति एलन मस्क भी थे, जिन्होंने इसे सोशल मीडिया 'एक्स' पर शेयर भी किया। एलन मस्क एक्स के मालिक भी हैं और उन्होंने इसे उस समय शेयर किया, जब यह कहा जा रहा था कि सोशल मीडिया को चुनावी झूठ से आम लोगों को बचाना चाहिए। प्रसंगवश यहां इसका जिक्र कर देना जरूरी है कि एलन मस्क कमला हैरिस के प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक माने जाते हैं।

बात सिर्फ इतनी नहीं है। सोशल मीडिया पर आपको कमला हैरिस की बहुत सी ऐसी तस्वीरें मिल जाएंगी, जो नितांत आपत्तिजनक हैं और सब की सब एआई से तैयार की गई हैं। हालांकि, दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भी यह आरोप लगाया जा रहा है कि हैरिस समर्थक उनके खिलाफ तरह-तरह की सामग्री तैयार करके सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं। ऐसा हो



भी सकता है। चुनावी झूठ की ताली अक्सर एक हाथ से नहीं बजा करती।

इन सबका यह अर्थ नहीं है कि अमेरिकी चुनाव में इन दिनों हर तरफ एआई के झूठ की ही चर्चा है। डोनाल्ड ट्रंप के झूठ अब भी पहले नंबर पर हैं। उन्हें झूठ बोलने की मशीन भी कहा जाता है। राष्ट्रपति पद पर रहते हुए तो उन्होंने झूठ बोलने के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले थे। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने तो डोनाल्ड ट्रंप के झूठों का बाकायदा ऑडिट ही कर डाला है। अखबार के अनुसार, अपने चार साल के कार्यकाल में ट्रंप ने 30,573 ऐसी बातें कहीं, जो या तो झूठी थीं या फिर भ्रामक। इसका मतलब है कि हर रोज औसतन 21 झूठ। काश, कोई ऐसा ही ऑडिट भारतीय नेताओं के बयानों का भी करता।

डोनाल्ड ट्रंप अब जब एक बार फिर अमेरिका की सत्ता को दोबारा हासिल करने की कोशिश में जुटे हुए हैं, झूठों का यह सिलसिला रुका नहीं है। अमेरिकी मीडिया के सामने इस समय दो बड़ी चुनौतियां हैं- एक तो वह एआई के झूठ गिने और दूसरी, नेताओं के परंपरागत झूठों का हिसाब रखे।

अमेरिकी मीडिया इसे अपने ढंग से कर भी रहा है। पिछले कुछ साल से मीडिया ने वहां एक तरीका अपनाया है, जिसे 'रियल टाइम फैक्ट चेक' कहा जाता है। इसमें जब किसी नेता का इंटरव्यू चल रहा होता है, तो साथ-साथ तथ्यों की जांच भी चल रही होती है कि कौन सा जवाब सही है और कौन सा गलत। इंटरव्यू के दौरान ही नेता के सामने उसके झूठ भी रख दिए जाते हैं। पिछले दिनों उप-राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगी जेडी वेंस जब सीबीएन न्यूज की एक बहस में भाग ले रहे थे और उन्हें यह बताया गया कि उनके तथ्य गलत हैं, तो उन्होंने इस तरीके का ही विरोध किया। खुद डोनाल्ड ट्रंप ने इस चैनल के एक कार्यक्रम में सिर्फ इसलिए भाग लेने से मना कर दिया, क्योंकि उसमें फैक्ट चेक का तरीका अपनाया जाता है। पिछले दिनों पत्रकारों के एक समूह को डोनाल्ड ट्रंप ने इंटरव्यू के लिए समय दिया। फिर पता चला कि वे पत्रकार तथ्यों की जांच का काम भी साथ-साथ करेंगे, तो वह इंटरव्यू रद्द कर दिया गया।

अब पार्टी ने जेडी वेंस को यह काम सौंपा है कि वह उन झूठों की तुरपाई का काम करें, जो डोनाल्ड ट्रंप ने बोले हैं। मसलन, चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप ने कई बार यह कहा कि ओहियो में हैती के जो प्रवासी रह रहे हैं, वे अपने पड़ोसियों के कुत्ते-बिल्ली तक मारकर खा जाते हैं। जब वेंस से इसके बारे में पूछा गया, तो उनका जवाब था, ट्रंप दरअसल बड़ी संख्या में बाहरी लोगों के आ जाने से जो हालात पैदा हुए हैं, उनकी ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहते थे।

अमेरिका में इन दिनों एक और शब्द प्रचलन में आया है- 'जस्टिफाइड लाई', यानी वाजिब झूठ। ऐसी बात जो झूठ तो है, लेकिन उसे बोलने का कोई वाजिब तर्क है। पोस्ट ट्रुथ एरा या सत्योत्तर काल में झूठ अब कई रंगों और विश्लेषणों में उपलब्ध है।

वैसे, दुनिया के तकरीबन सभी लोकतंत्र चुनावी झूठ की इस समस्या से किसी न किसी तरह जूझ रहे हैं। जब तक चुनाव लड़ने के लिए झूठ का सहारा लेना जरूरी माना जाता रहेगा, झूठ का सिक्का हर चुनाव में चलता रहेगा। तब तक मशीनें भी झूठ बोलेंगी, नेता भी झूठ बोलेंगे और कार्यकर्ता भी झूठ बोलेंगे। समस्या यह है कि चुनाव प्रक्रिया और संपूर्ण राजनीति को झूठ के बोलबाले से कैसे मुक्ति दिलाई जाए, इसे लेकर पूरी दुनिया में कहीं कोई विमर्श नहीं चल रहा। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5531



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. मध्यप्रदेश की एक औद्योगिक बस्ती जो अपने अखबारी कागज मिल के लिए प्रसिद्ध है (5)
5. कच्चे आम या इमली का बना खट्टा-मीठा पेय पदार्थ (2)
7. कुलबुलाहट, कुलबुलाने का भाव (4)
8. यह विश्व का सबेस बड़ा लोकतांत्रिक देश है (3)
9. यह अरब का एक प्रायद्वीप है जिसकी राजधानी दोहा है (3)
11. निग्रह, दो की संख्या (2)
13. वह गद्य या पद्य का लेख जो किसी विजय के सुअवसर पर लिखा जाए (5)
15. वेतन, पगार, निश्चित अवधि में मिलने वाला पारिश्रमिक शुल्क (4)
17. गणित में से संख्याओं का योग (3)
19. हिम्मत, पराक्रम, बहादुरी (3)
21. रजनीमुख, संध्याकाल, सांझ (2)
23. दिल या मन के अंदर ही, चुपचाप (5)
25. ख्याति, शोहरत, प्रसिद्धि (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ईमानदार और सच्चा (5)
2. नाव के मस्तूल से बांधा जाने वाला कपड़ा (2)
3. लवण, नोन (3)
4. बात या सही अर्थ न समझना (6)
5. शलभ, पतंगा, टिड्डा (4)
6. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
10. प्रवृत्तिशील, ध्यानमग्न (1)
12. मन को रिझाने वाला (5)
14. घी, जौ, तिल आदि को मंत्र पढ़ते हुए अग्नि में डालने का कृत्य (3)
15. यह गौतम बुद्ध की माता का नाम था (2)
18. एशिया महाद्वीप में स्थित देश जिसके निकटतप पड़ौसी देश, चीन कोरिया तथा रूस है (3)
19. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
20. हस्ताक्षर, यथार्थ, दस्तखत (2)
21. कंघा, जुलाहे की कूंची (2)
22. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)

### वर्ग पहेली 5530 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | पा | ल | | क | ना | डा | |
| की | म | त | | मा | न | क | |
| औ | | खो | ल | ना | | घ | ना |
| र | पता | र | | | प | र | म |
| ब | | | अ | न | र्थ | | क |
| दीं | वा | ने | खा | स | | त | र |
| | | म | त | | ख | म | ण |
| बे | रू | त | | फ | र | सा | |

# सर्किट अइसे मनाएगा प्रदूषण फ्री दिवाली

(नमिता जोशी)

दिवाली आने वाली है सर्किट। इस बार क्या प्लान है अपुन ने सर्किट से पूछा तो स्प्रिंग के माफिक उछल के बोला, अरे भाई, इस बार न अपुन सोच रयेला है दिवाली पे दिल्ली जाने काज्बड़ा पटाखा फोड़ेंगे, गजब का मस्त माहौल होगा! बीच में चमन चिरकुट बोला, अबे सर्किट, तेरेकू मालूम नहीं पटाखे फोड़ने पर तो बैन है भाई, और ऊपर से दिल्ली में तो इतना पलूशन होता है कि सांस लेना मुश्किल हो जाता है!

सर्किट इस बात को सुन के अइसे हंसने लगा जइसे रामलीला में खराब लाउडस्पीकर से रावण की हंसी सुनाई देती है। बोले तो चमन चिरकुट को पलूशन की चिंता खा रयेली है देखो ना अक्खा दिन में अकेले 8 पैकेट सिगरेट फूंकने वाला बंदा अपुन को पलूशन के लिए डरा रयेला है। सिगरेट के धुएं ने तेरे फेफड़े के साथ साथ तेरा भेजा भी पत्थर का कर दिया क्या चिरकुट एक रात के पटाखे तेरे जइसे का क्या बिगाड़ पाएंगे वइसे भी अपुन तो पटाखे के बिना भी दिवाली मना सकते हैं।

अपुन को सर्किट की इस बात में तो लॉजिक नजर आया। दिल्ली में तो ऑलरेडी पलूशन का रोना शुरू हो गयेला है। सर्किट बोला, भाई रोना धोना एक तरफ, पटाखे सब चलाते हैं, रोने वाले भी और ना रोने वाले भी। तभी तो दिल्ली हर साल दिवाली में पलूशन के नए लेवल पर पहुंच जाती है। कुछ चीजें बोलने में अच्छी लगती हैं, जइसे हम सबको सच बोलना चाहिए, गंदगी नहीं करनी चाहिए, किसी को धोखा नहीं देना चाहिए और प्रदूषण नहीं करना चाहिए। पन दिवाली वाले दिन पटाखे नहीं फोड़े तो कइसी दिवाली कहते हैं ना, जहां नाश, वहां सवा सत्यानाश। अपुन बोला, बात तो सही कह रहा है चमन चिरकुट! अपुन कू मालूम है दिल्ली में अक्खा खेल इच इस बात का है कि दिवाली के दिन किसने सबसे ज्यादा पटाखा फोड़ा और किसने सबसे ज्यादा धुआं किया। इतने धुएं में तू कइसे छाती ठोक के शो ऑफ करेगा। दिल्ली की दिवाली का आयडिया ड्रॉप कर। मुंबई में ही कुछ नया धमाका करते हैं। मुंबई इश्टाइल में। सर्किट बोला, बोले तो, कइसा इश्टाइल भाई इधर मुंबई में कोई किसी को नहीं पूछता। दिवाली में बम फूट रयेले हैं या सच्ची का एनकाउंटर हो रयेला है या फिल्म की शूटिंग हो रयेली, कुछ समझ नहीं आता तो इदर क्या धमाका करेंगे सर्किट का रोना सुन के चमन बोला, इस बार अपुन फुल-ऑन टपोरी स्टाइल में सेलिब्रेशन करेंगे! लेकिन बिना पटाखों के क्योंकि पलूशन का बवाल मुंबई में भी कम नहीं है! और वइसे भी अपुन दोनों मिलके एक दर्जन सिगरेट के पैकेट फूंक इच डालते हैं, अपने फेफड़े को एक्स्ट्रा लोड कायकू देने का

अपुन को चमन का ये आइडिया सही लगा। सबसे पहले हम अपुन की पूरी गली को लाइटों से अइसा सजा देंगे कि अम्बानी के घर की लाइटिंग फीकी लगेगी! सर्किट, तू अपने सारे इलेक्ट्रिशन वाले जुगाड़ लगा! मगर पटाखे का क्या दिवाली बिना पटाखे के शोर के अपुन को नहीं जमती। ये सुनके चमन बोला, इतनी छोटी सी बात के लिए भेजा काइकू फ्राई करता है। इस बार पटाखे की जगह अपुन बजाएंगे, पटाखे की आवाज वाला टेप रिकॉर्डर। और हां, कपड़े भी एकदम मस्त लाइट वाले पहनने हैं। अमिताभ बच्चन के सारा ज़माना हसीनों का दिवाना स्टाइल वाली जैकेट पहनने का और अक्खा चॉल में छा जाने का। चाइनीज़ मार्केट से अपुन लाया था 80 रुपये का एक अइसा लाइट वाला जैकेट। सर्किट का ये आइडिया सुनके चिरकुट बोला, तेरे नन्हे से दिमाग की बत्ती तो एकदम सही जली है, पर ध्यान रहे कि कोई इतनी लाइट वाले कपड़े देख के तेरे कू पटाखा समझ के नीचे से लाइटर न लगा दे।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज आपके लिए तरक्की के शुभ योग बन रहे हैं। नौकरी में आपके लिए उच्च पद की प्राप्ति की संभावना बन रही है। इससे आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और दिन भाग्यशाली रहेगा। शाम के वक्त किसी कारण से आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है। आमदनी संतोषजनक रहेगी, मामा पक्ष से धन प्राप्ति के योग हैं।

**वृषभ**

आज करियर में लाभ और तरक्की के योग बने हैं। आपके घर और ऑफिस दोनों जगह का माहौल काफी अच्छा रहेगा। किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग हैं और आपकी तरक्की की बात हो सकती है। आपके पारिवारिक जीवन में सरसता बनी रहेगी।

**मिथुन**

आज भाग्यशाली योग बना है और आपको नौकरी में मनचाही तरक्की हासिल होगी। आपको संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा और उनके करियर को देखकर आप काफी संतुष्ट रहेंगे। रहन-सहन खान पान का स्तर बढ़ेगा और आपको उपहार के साथ सुंदर वस्त्र प्राप्त होंगे।

**कर्क**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए यात्रा के योग बने हैं। ऑफिस या फिर कारोबार के काम से आपको बाहर जाना पड़ सकता है। मन में निराशा का भाव समाप्त होगा और मित्रों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह**

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको सफलता मिलने से पूरे दिन प्रसन्नता का अनुभव होगा। अभिन्न मित्रों के सहयोग से व्यवसाय के नए स्रोत बनेंगे। आमदनी बढ़ने से आपका मन खुश रहेगा और आप परिवार के लोगों की सभी जरूरतें पूर्ण कर पाएंगे। बड़ी मात्रा में में पैसा हाथ में आने से मनोबल बढ़ेगा।

**कन्या**

आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी और आय में यथोचित वृद्धि होगी। आपका मन बौद्धिक कार्य और लेखन में लगेगा और आपको उसमें भी लाभ होगा। क्रोध से बचें। संतान पक्ष के लोगों से आप संतुष्ट रहेंगे और आपको रिसर्च के मामले में बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे।

**तुला**

आज दिन मिलाजुला है और आपकी इच्छा के खिलाफ कोई कार्य हो सकता है। परिवार में हर प्रकार से सुख शांति रहेगी और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। किसी कारण से अचानक आपके अनियोजित खर्च बढ़ सकते हैं। यदि आप नौकरी में हैं तो अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। शाम के वक्त आपका मन पढ़ने का कुछ करेगा।

**वृश्चिक**

आज करियर के मामले में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और कारोबार में मनचाहे परिणाम मिलने से आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपका बहुत समय से रुका हुआ कोई कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। किसी महापुरुष के सहयोग से आपको किस्मत का साथ प्राप्त हो जाएगा।

**धनु**

आज करियर में भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाई व परिश्रम की अधिकता रखेगा। बातचीत में संयम रखें तो आपको लाभ होगा। किसी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है। भाइयों में आपस में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। सायंकाल से लेकर आधी रात तक निकट यात्रा के योग हैं।

**मकर**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। धन, कर्म, कीर्ति में वृद्धि होगी और आपकी शत्रु चिन्ताओं का दमन होगा। सफलता की प्राप्ति होगी और आपके घर में हर्ष मंगलमय परिवर्तन होने से मन काफी प्रसन्न होगा।

**कुंभ**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी और धार्मिक कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। संपत्ति का विस्तार होगा और आय में वृद्धि होगी। क्रोध से बचें और कहीं जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद उत्पन्न न हो जाएं। शाम के समय आपका मन प्रसन्न होगा और आपको धार्मिक मामलों में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। शाम के समय धार्मिक आयोजन से प्रसन्न होगा होगा और आपको खुशी होगी।

**मीन**

आज दिन सफलता से भरा होगा। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी और आपको संपत्ति के मामले में लाभ होगा। आज दिन में कुछ निकट के मित्रों व रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति से भी आय के नए स्रोत विकसित होंगे। आपको कहीं से शुभ समाचार मिलेंगे। राजनीति में बढ़ते जनसंपर्क का लाभ उठाएं।

# कौन करेगा घड़ी' चुनाव चिह्न का इस्तेमाल, आज सुप्रीम सुनवाई, शरद पवार गुट ने डाली है याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी की उस याचिका पर 24 अक्टूबर को सुनवाई करेगी, जिसमें महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के 'घड़ी' चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने पर आपत्ति जताई गई है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्वल भुइयां की पीठ के समक्ष इस मामले की तत्काल सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया। मंगलवार को शरद पवार गुट की ओर से पेश वकील ने पीठ को सूचित किया कि मामला 22 अक्तूबर को ही सूचीबद्ध किया जाना था, लेकिन वाद-सूची में इसका जिक्र नहीं है। इसके बाद पीठ ने इसे 24 अक्तूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

शरद गुट के वकील ने कहा कि याचिका में एनसीपी के दोनों गुटों को 'घड़ी' चुनाव चिह्न का इस्तेमाल न करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कहा, इस मुद्दे पर हमने पहले एक विस्तृत आदेश पारित किया था... यह एक तरह का सहमति आदेश था। इस पर शरद पवार गुट के वकील ने दावा किया कि अजित पवार नीत गुट शीर्ष अदालत के आदेश पर अमल नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की तत्काल सुनवाई किए जाने की जरूरत है, क्योंकि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है।



अजित पवार गुट की पैरवी कर रहे वकील ने कहा कि पार्टी के कुछ उम्मीदवार विधानसभा चुनाव के लिए पर्चा दाखिल कर चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतिद्वंद्वी गुट ने 'घड़ी' चुनाव चिह्न पर कब्जा करने के लिए यह याचिका दायर की है। पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर 24 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। पीठ ने अजित गुट से तब तक जवाब देने को कहा है। दरअसल, शरद पवार ने निर्वाचन आयोग के 6 फरवरी के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसके तहत अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता दी गई थी। आयोग ने एनसीपी का 'घड़ी' चुनाव चिह्न भी अजित पवार नीत गुट को आवंटित कर दिया था। 19 मार्च को शीर्ष अदालत ने शरद पवार गुट को अपने नाम के रूप में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी और उसे चुनाव चिह्न 'तुरहा बजाता व्यक्ति' आवंटित किया था। इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने शरद पवार गुट की उस याचिका पर एक आदेश पारित किया था, जिसमें अजित पवार गुट को चुनाव में 'घड़ी' चिह्न का इस्तेमाल करने से रोकने का अनुरोध किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि अजित पवार गुट राजनीतिक लाभ के लिए शरद पवार के नाम और तस्वीर का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा।

शरद पवार ने कांग्रेस से निष्कासन के बाद 1999 में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पूर्णो संगमा और तारिक अनवर के साथ राकांपा की स्थापना की थी। जुलाई 2023 में अजित पवार ने एनसीपी में बगावत कर दी थी और पार्टी के अधिकतर विधायकों के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल हो गए थे।

## बाबा सिद्दीकी को मारने से पहले लॉरेंस बिश्नोई के भाई से शूटरों ने की थी बात, मुंबई पुलिस का खुलासा

**मुंबई, एजेंसी।** बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में बड़ा खुलासा हुआ। इस खुलासे से लॉरेंस बिश्नोई पर हत्या के आरोप और मजबूत हो जाते हैं। पुलिस ने कहा है कि एनसीपी नेता की हत्या करने वाले संदिग्ध तीन शूटरों ने हत्या से पहले एक इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप के जरिए जेल में बंद गैंगस्टर के कनाडा में रहने वाले चचेरे भाई अनमोल बिश्नोई से बातचीत की थी। ऐसा संदेह है कि अनमोल ने उन्हें ऐप के जरिए सिद्दीकी और उनके बेटे विधायक जीशान सिद्दीकी की तस्वीरें भेजी थीं। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को कुछ ऐसी बातचीत के सबूत मिले हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बातचीत के बाद मैसेज और तस्वीर को डिलीट नहीं किया गया था। आपको बता दें कि दो संदिग्ध हत्यारे गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप हिरासत में हैं। तीसरा शिवकुमार गौतम, जिसे मुख्य शूटर माना जाता है वह फिलहाल फरार है। सात अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले, लॉरेंस बिश्नोई के एक संदिग्ध गुर्गे शुभम लोनकर ने सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए हत्या की जिम्मेदारी ली थी। बाद में पोस्ट को डिलीट कर दिया गया था। एक अधिकारी ने कहा, हमने इस केस के दो परतों की पहचान की है। शूटर और हथियार आपूर्ति करने वाले की पहचान हो गई। हम तीसरी परत के करीब पहुंच रहे हैं, जिसमें साजिशकर्ता और हत्या का ठेका जारी करने वाले लोग शामिल हो सकते हैं। मुंबई पुलिस का कहना है कि उन्हें 13 सितंबर को गोलीबारी का अभ्यास करते हुए संदिग्ध हत्यारों की तस्वीरें भी मिली हैं। गौरतलब है कि अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए दिग्गज राजनेता बाबा सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर को मुंबई के निर्मल नगर इलाके में तीन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोलीबारी उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### बेंगलुरु में निर्माणाधीन इमारत गिरने से मरने वाले लोगों की संख्या पांच हुई



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मंगलवार रात को भारी बारिश के कारण एक 7 मंजिला इमारत गिर गई। इस हादसे में मरने वालों की संख्या पांच हो गई है। मंगलवार को हुए हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या पांच हो गई है, और इतने ही लोग घायल बताए जा रहे हैं। जबकि अब तक 13 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। बिल्डिंग में बचाव राहत कार्य लगातार जारी है। अभी भी मलबे में कुछ लोगों के दबे होने की खबर है। बेंगलुरू हादसे के बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार देर रात घटनास्थल का दौरा किया था और ढह चुकी इमारत में 21 लोगों के दबे होने की बात कही थी। उन्होंने बताया था कि बचाव अभियान जारी है और तलाशी अभियान के लिए बड़ी मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। मलबा हटाने के लिए बड़ी मशीनों का इस्तेमाल करते समय मलबा अंदर फंसे लोगों पर गिरने की आशंका है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को काम पर लगाया गया है। अग्निशमन बल और आपातकालीन सेवा महानिदेशक टीम के साथ मौके पर हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे बताया गया कि निर्माण पूरी तरह से अवैध था। हम सख्त कार्रवाई करेंगे। हम पूरे बेंगलुरु के लिए एक योजना लेकर आएंगे। हम अवैध रूप से इमारतों के निर्माण को रोकेंगे, चाहे वे कहीं भी हों। मैं इस संबंध में सर्वेक्षण सुनिश्चित करूंगा। मैं रजिस्ट्रार को ऐसी संपत्तियों को पंजीकृत न करने का निर्देश भी दूंगा। यह इमारत 60 गुणा 40 साइट पर बनी है और अधिकारियों ने मालिक को तीन नोटिस जारी किए हैं। लेकिन, नोटिस देना महत्वपूर्ण नहीं है और कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए थी। अभी, अंदर फंसे लोगों को बचाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, बचाव अभियान पूरा हो जाने के बाद, मैं बिना अनुमति और बिल्डिंग प्लान की मंजूरी के बनी सभी इमारतों पर कानूनी कार्रवाई शुरू करूंगा। शहर में हो रही भारी बारिश पूरी तरह से अप्रत्याशित है। अब, हमने अनुपात का अनुमान लगा लिया है।

### योगी सरकार का खत्म हो चुका इकबाल, प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त : शिवपाल यादव

**सुल्तानपुर, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव उत्तर प्रदेश की



कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए योगी सरकार पर हमला बोला है। अंबेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में शोभावती वर्मा के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे शिवपाल यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज है ही नहीं। सूबे में लगातार हत्याएं हो रही हैं। योगी सरकार का इकबाल पूरी तरह से खत्म हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी तरह से जनता का विश्वास खो चुकी है। शिवपाल यादव ने उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और उसके सहयोगी इंडिया गठबंधन की जीत का बड़ा दावा किया। उन्होंने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कहा कि चुनाव आयोग इस सीट पर जब फैसला लेगा, तब यहां चुनाव होगा। मुझे भरोसा है कि मिल्कीपुर सीट भी समाजवादी पार्टी ही जीतेगी। उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटें फिलहाल खाली हैं, लेकिन चुनाव आयोग ने नौ सीटों पर ही उपचुनाव की तारीखों की घोषणा की है। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर चुनाव नहीं होंगे, जिस पर पूरे प्रदेश की निगाहें थीं। वहीं बहराइच घटना पर शिवपाल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों द्वारा कराई गई यह घटना है। सभी ने देखा खुद भाजपा के विधायक ने भाजपा के लोगों पर एफआईआर लिखवाया है। सुलतानपुर में व्यापारी हत्याकांड पर शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार निष्पक्ष नही है। ये बईमान सरकार है, इसलिए पूरे प्रदेश में घटनाएं हो रही हैं।

### बंजारा समुदाय के बड़े नेता महंत सुनील महाराज ने शिवसेना (यूबीटी) को अलविदा कहा

**मुंबई, एजेंसी।** एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी की पहली लिस्ट जारी होने से पहले ही उद्धव सेना को बड़ा झटका लगा है। बंजारा समुदाय के बड़े नेता माने जाने वाले महंत सुनील महाराज ने शिवसेना (यूबीटी) को अलविदा कह दिया है। पार्टी छोड़ते हुए उन्होंने उद्धव ठाकरे पर समय नहीं देने के आरोप लगाए हैं। संभावनाएं हैं कि बुधवार को एमवीए उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आ सकती है। पोहरादेवी मंदिर के महंत सुनील महाराज ने शिवसेना (यूबीटी) छोड़ दी है। उनका कहना है कि पिछले 10 महीनों में उद्धव ने मिलने के लिए 10 मिनट का भी समय नहीं दिया है। चुनाव से कुछ हफ्तों पहले दल छोड़ने उद्धव सेना के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है, क्योंकि यवतमाल वाशिम जिलों में बंजारा समुदाय की पकड़ मजबूत है। वहीं, समुदाय की राज्य के कई अन्य हिस्सों में भी मौजूदगी है। 30 सितंबर 2022 को महाराज ने मातोश्री पहुंचकर उद्धव सेना का दामन थामा था। इसके बाद वंचित बहुजन अघाड़ी से बंजारा समुदाय के बड़े नेता माने जाने वाले रविकांत राठौड़ भी शिवसेना (यूबीटी) में शामिल हो गए थे।

## कितनी बार धुलते हैं ट्रेन के एसी कोच वाले चादर और कंबल, आरटीआई में मिला चौंकाने वाला जवाब



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ट्रेन के एसी कोच में यात्रा करने के दौरान आपको बेडरोल मिलता है, जिसमें दो चादर, तकिया और कंबल शामिल होता है। इसे लेकर आप आगे की यात्रा आराम से करते हैं। अब क्या कभी सोचा है कि आखिर इन चादरों, कंबस और पिलो कवर को रेलवे कितनी बार धोता है। अगर नहीं पता तो हाल ही में एक आरटीआई यानी सूचना का अधिकार के जरिए इस सवाल का जवाब सामने आ गया है। रेलवे का नियम द न्यू इंडियन एक्सप्रेस की आरटीआई के जवाब के हवाले से बताया है कि यात्रियों को दिया जाने वाला लिनन हर एक इस्तेमाल के बाद धोया जाता है। आरटीआई के जरिए रेलवे ने यह भी बताया है कि ऊन के कंबलों को महीने में कम से कम एक बार या दो बार धोया जाता है। यह इनके उपलब्ध होने और लॉजिस्टिक्स पर निर्भर करता है। स्टाफ ने क्या बताया लंबी दूरी की अलग-अलग ट्रेनों में काम करने वाले हाउसिंग स्टाफ के 20 सदस्यों ने अखबार को बताया कि कंबलों को महीने में सिर्फ एक बार धोया जाता है। एक कर्मचारी ने बताया, हर ट्रिप के बाद हम बैडशीट्स और पिलो कवर्स को बंडल में लॉन्ड्री के लिए दे देते हैं। कंबल के मामले में हम उन्हें ठीक से फोल्ड कर रख देते हैं। हम उन्हें लॉन्ड्री के लिए तब भेजते हैं, जब कोई बदबू आ रही हो या खाने का कोई दाग लगा हो। एक अन्य कर्मचारी ने अखबार को बताया, इस बात कोई गारंटी नहीं है कि कंबल महीने में दो बार धोए जाते हैं। अधिकांश मामलों में हम कंबलों को धोने के लिए तभी देते हैं जब उनमें से बदबू, गीलापन आदि जैसी शिकायत होती है। अगर यात्री की तरफ से शिकायत की जाती है तो कुछ मामलों में हम तत्काल यह सुनिश्चित करते हैं कि साफ कंबल मुहैया कराई जाए।

## गरीब रथ के बाद एक और ट्रेन में निकला सांप, यात्रियों में हड़कंप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गरीब रथ के बाद एक और ट्रेन में सांप मिला है। 21 अक्टूबर को झारखंड से गोवा जा रही वास्को-द-गामा एक्सप्रेस के एसी कोच में एक जिंदा सांप पाया गया। कई यात्रियों ने एसी 2-टियर कोच में लोवर बर्थ के पर्दे के पास सांप को रेंगते हुए देखा और उसका वीडियो बना लिया। अंकित कुमार सिन्हा ने सोशल मीडिया पर रेलवे को टैग करते हुए यह वीडियो डाला है। उनके माता-पिता ए-2 कोच से यात्रा कर रहे थे। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। सोशल मीडिया में शेयर किए गए वीडियो में सांप को पर्दे के आसपास घूमते हुए देखा जा सकता है। यह देख यात्रियों में दहशत और चिंता फैल गई। उन्होंने लिखा, ट्रेन-17322 (जसीडीह से वास्को डी गामा) में 21 अक्टूबर को बर्थ पर सांप मिला। यह शिकायत मेरे माता-पिता की ओर से है, जो एसी 2 टियर (ए2 31, 33) में यात्रा कर रहे हैं। कृपया तत्काल कार्रवाई करें। मैंने संदर्भ के लिए वीडियो संलग्न किए हैं। दूसरे ट्वीट में उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को टैग किया और कहा, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आपका तत्काल ध्यान आवश्यक है। आपको बता दें कि ट्रेन में तैनात आईआरसीटीसी के कर्मचारियों की मदद से सांप को पकड़ लिया गया और ट्रेन से बाहर फेंक दिया गया। एक वीडियो में आईआरसीटीसी कर्मचारी और एक यात्री को साथ मिलकर चादर का उपयोग करते हुए सांप को पकड़ते हुए देखा जा सकता है।

# दिल्ली की हवा हुई जहरीली, आनंद विहार में एक्यूआई 407 और गाजियाबाद में 320 पहुंचा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली में तापमान गिरने के साथ ही वायु प्रदूषण भी बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी के 25 इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 300 और 400 के बीच पहुंच चुका है। इसके चलते आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों के स्वास्थ्य के लिए चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड सीसीबी के अनुसार बुधवार सुबह 7:30 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 354 अंक बना हुआ है। जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 181, गुरुग्राम में 248, गाजियाबाद में 320, ग्रेटर नोएडा में 196 और नोएडा में 304 अंक बना हुआ है। दिल्ली के जहांगीरपुरी में 417 और आनंद विहार में 402 एक्यूआई लेवल सबसे अधिक बना हुआ है। जबकि दिल्ली के 25 इलाकों में एक्यूआई लेवल 300 से ऊपर 400 के बीच में बना हुआ है। अलीपुर में 372, अशोक विहार में 359, बवाना में 391, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 346, डीटीयू में 320, द्वारका सेक्टर 8 में 367, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 358, मंदिर मार्ग में 355, मुंडका में 373, नजफगढ़ में 342, नरेला में 357, नेहरू नगर में 365, एनएसआईटी द्वारका में 389, ओखला फेस टू में 346, पटपड़गंज में 373, पंजाबी बाग में 365, पूसा में 305, आरके पुरम में 352, रोहिणी में 388, शादीपुर में 322, सिरी फोर्ट में 344, श्री अरविंदो मार्ग में 322, विवेक विहार में 399, वजीरपुर में 387



अंक बना हुआ है। जबकि दिल्ली के तीन इलाकों में एक्यूआई लेवल 200 से ऊपर 300 के बीच में है। चांदनी चौक में 274, दिलशाद गार्डन में 276, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 297 बैंक बना हुआ है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली का दैनिक औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स अगले कुछ दिनों में बहुत खराब श्रेणी में रहने की संभावना है। इसके पीछे मौसम और जलवायु संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियां जिम्मेदार हैं। पड़ोसी राज्यों हरियाणा और पंजाब में इन दिनों पराली जलाने को भी दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने के लिए अक्सर दोषी ठहराया जाता है। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषण कम करने के लिए ग्रैप 2 के नियम को तहत प्रतिबंध लगाया जाएगा। अब कोयला, लकड़ी और डीजल जनरेटर कम इस्तेमाल होंगे। सड़कों को साफ करने के लिए मशीनें चलेंगी और पानी छिड़का जाएगा। निर्माण स्थलों पर धूल उड़ने से रोकी जाएगी। ट्रैफिक पुलिस भी ज्यादा तैनात की जाएगी और गाड़ी पार्क करने के पैसे बढ़ाए जाएंगे ताकि लोग अपनी गाड़ियां कम चलाएं। बस और मेट्रो सेवाएं भी बढ़ाई जाएंगी।

# फूलपुर सीट भी कांग्रेस को देने को तैयार अखिलेश, लेकिन महाराष्ट्र में चाहिए सपा को सम्मान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के साथ सीटों का बटवारे समाजवादी पार्टी यूपी में नर्म रुख अपनाने को तैयार हो गई दिखती है, लेकिन महाराष्ट्र में उसने अपना रुख सख्त रखने के संकेत दिए हैं। वह वहां सीटों की संख्या के मामले में ज्यादा पीछे हटने को लेकर तैयार नहीं है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनाव में सीटों को लेकर कांग्रेस की खिन्नता को देखते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक सीट और छोड़ने का संकेत दिया है। दो सीट के अलावा सपा अब कांग्रेस को फूलपुर सीट दे सकती है। अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा कांग्रेस का गठबंधन उपचुनाव में मिल कर लड़ेगा और सीटों पर बातचीत चल रही है। हालांकि, सपा ने फूलपुर से पहले ही मुर्तजा सिद्दीकी को अपना प्रत्याशी घोषित कर रखा रखा है। पिछले विधानसभा चुनाव में यह सीट भाजपा ने जीती थी। सूत्रों के मुताबिक सपा का



मानना है कि यहां का जातीय समीकरण इस तरह कर है कि यहां से गठबंधन हर हाल में जीतेगा। चूंकि कांग्रेस का इस सीट के लिए विशेष दबाव है तो उसने वह अपने फूलपुर में अपने बढ़े कदम पीछे खींच सकती है। लेकिन यह संभव नहीं है कि उसके पांच सीटों पर दावे को मान लिया जाए। अफसरों का नाम लिखकर रखें कार्यकर्ता सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को उपचुनाव से पहले गोपालपुर में जनसभा की। शिवपाल ने कहा कि चुनाव की व्यवस्था में लगे अधिकारी उपचुनाव निष्पक्ष रूप से कराने का कार्य करें। अगर कोई अधिकारी बेईमानी करने की कोशिश करता है तो पार्टी कार्यकर्ता उसका नाम लाल स्याही से लिखकर रखें। महाराष्ट्र में पीछे हटने को तैयार नहीं सपा के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक सपा ने मध्यप्रदेश व हरियाणा में बढ़े कदम पीछे खींचे ताकि गठबंधन की जीत हो। लेकिन अब चूंकि महाराष्ट्र में कई सीटों पर हमारा जनाधार है तो हमने महाविकास अघाड़ी में बारह सीटें मांगी है। पांच पर प्रत्याशी तय कर प्रचार शुरू किया है। अब हम सम्मानजनक सीटें चाहते हैं। उसके लिए कांग्रेस व अन्य घटकों से बातचीत जारी है लेकिन हम लोग कुछ सीटों पर जरूर लड़ेंगे। हरियाणा की तरह हम लोग यहां पूरी तरह से पीछे नहीं हटेंगे।

# भाजपा को दिसंबर में मिल सकता है नया अध्यक्ष, रेस में इन दिग्गजों के नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी को दिसंबर के पहले पखवाड़े में नया अध्यक्ष मिल सकता है। पार्टी के संगठन चुनाव समीक्षा में सभी राज्यों से कहा गया है कि वह दिसबंर के पहले सप्ताह तक राज्यस्तरीय चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर लें। सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए भाजपा में विभिन्न पहलुओं के साथ दक्षिण भारत से नया नेतृत्व लाने पर भी विमर्श हो रहा है। इसके अलावा, सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए सवर्ण समुदाय को पार्टी एक बार फिर से सामने ला सकती है। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा में संगठन चुनाव के कार्यक्रम में तेजी लाई जाएगी। बूथ, मंडल, जिला एवं प्रदेश के संगठन चुनावों को दिसंबर के पहले सप्ताह तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। भाजपा संविधान के मुताबिक, आधे राज्यों के चुनाव होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है। ऐसे में पार्टी के लिए 50 फीसदी राज्यों के चुनाव कराने के बाद नए अध्यक्ष के चुनाव का रास्ता खुल जाएगा। सूत्रों के अनुसार, मध्य दिसंबर से मध्य जनवरी तक खरमास रहता है, इसलिए कोई शुभ काम नहीं किया जाएगा। ऐसे में राष्ट्रीय अध्यक्ष भी इस दौरान कामकाज संभालने से बचेगा। चूंकि जनवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, इसलिए भाजपा के पास नए संगठन के काम संभालने के लिए ज्यादा समय नहीं होगा और चुनाव अभियान भी प्रभावित हो सकता है। ऐसे में महाराष्ट्र और झारखंड के नतीजे आते ही पार्टी संगठन चुनावों की प्रकिया तेज करेगी ताकि नया संगठन दिसंबर के पहले पखवाड़े के अंत तक काम संभाल ले। सूत्रों के अनुसार, भाजपा के केंद्रीय सत्ता में होने से संगठन के विस्तार पर जोर है। दक्षिण भारत के नेता को मिल सकता है नेतृत्व संभावना है कि दक्षिण भारत से किसी नेता को नेतृत्व सौंपा जाए। इसके पहले, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय भी सत्ता के दौरान दक्षिण भारत से बंगारू लक्ष्मण, जना कृष्णमूर्ति और वेंकैया नायडू लगातार तीन अध्यक्ष बने थे। संघ के सूत्रों का कहना है कि भाजपा के लिए इस समय दक्षिण भारत में विस्तार के लिए वहां के नेता को आगे लाना ज्यादा उचित होगा। इसके अलावा, सामाजिक संतुलन बनाए रखने व अपने काडर तथा कोर समर्थकों को जोड़े रखने के लिए सवर्ण समुदाय से ही नया अध्यक्ष लाना चाहिए।

इन नामों की चर्चा मनोहरलाल खट्टर, देवेंद्र फडणवीस, धर्मेंद्र प्रधान, जी. किशन रेड्डी, शिवराज सिंह चौहान एवं नरेंद्र सिंह तोमर आदि।

# कैसे कांग्रेस के आगे झुके उद्धव ठाकरे, लोकसभा में ज्यादा सीटें लड़े, पर अब समझौता

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग को लेकर समझौता अंतिम चरण में है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस, उद्धव सेना और शरद पवार की एनसीपी के बीच सीट शेयरिंग को लेकर जो समझौता हुआ है, उसमें उद्धव ठाकरे गुट को त्याग करना पड़ा है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस 105 सीटों पर उतरेगी तो उद्धव सेना को 96 से 100 तक सीटें मिल सकती हैं। एनसीपी-शरद पवार को 85 के करीब सीटें दी जा सकती हैं। इस तरह साफ हो गया है कि उद्धव सेना कांग्रेस के मुकाबले कम सीटों पर उतरेगी। यह पूरा समझौता उद्धव सेना के त्याग के चलते ही संभाव हो पाया है, जिसकी लगातार मांग थी कि वह 125 सीटों पर कैंडिडेट उतारेंगे। फिर ऐसा क्या हुआ कि उद्धव सेना को 125 सीटें तो नहीं मिलीं बल्कि कांग्रेस से भी कम पर राजी होना पड़ा। लोकसभा में इससे उलट स्थिति थी, जब उद्धव सेना ने 21 पर चुनाव लड़ा था और 9 सीटें जीती थीं। वहीं कांग्रेस ने 17 सीटों पर चुनाव लड़कर 13 पर जीत हासिल की थी। माना जा रहा है कि इस स्ट्राइक रेट को ही सामने रखते हुए कांग्रेस ने उद्धव सेना को राजी किया कि वे कम सीटों



पर चुनाव लड़ें। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले और उद्धव सेना के संजय राउत के बीच तो लंबी जुबानी जंग भी चली। यहां तक कि संजय राउत ने कहा कि वह उस मीटिंग में ही नहीं जाना चाहेंगे, जिसमें नाना पटोले होंगे। फिर शरद पवार ने दखल दिया और उद्धव ठाकरे से बात की। कहा जा रहा है कि उनकी करीब दो घंटे की बातचीत ने ही पूरी स्थिति को संभाला। फिर कांग्रेस की दलील थी कि विदर्भ में उसका अच्छा जनाधार है, लेकिन उद्धव सेना की वहां स्थिति कमजोर है। ऐसे में उसका वहां की सीटों से लड़ना नुकसान करेगा। वह भाजपा से सीधे मुकाबले में नहीं जीत पाएगी। इसलिए कांग्रेस को ही वहां मौका दिया जाए। कांग्रेस ने इसके लिए लोकसभा चुनाव का स्ट्राइक रे भी सामने रखा। अंत में उद्धव सेना को यह मानना पड़ा कि कांग्रेस ही ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़े। कांग्रेस का कहना था कि अमरावती, नागपुर, रामटेक और पुणे जैसे इलाकों में उद्धव सेना की उपस्थिति कमजोर है। इसलिए यहां की सीटों पर हमें ही ज्यादा मौका मिले, जिससे जीत की संभावना बनेगी। वहीं उद्धव सेना ने अंत में बराबरी का भी प्रस्ताव रखा था। इसमें कहा गया था कि उद्धव सेना और कांग्रेस 100-100 सीटों पर उतरें, जबकि एनसीपी-एसपी को 88 सीटें दी जाएं। इस पर भी कांग्रेस अड़ गई और अंत में 100 से ज्यादा सीटों पर कांग्रेस कैंडिडेट उतारने वाली है। वहीं उद्धव सेना को उससे 5 से 10 सीटें कम मिलेंगी।

भारत-न्यूज़ीलैंड टेस्ट

# फिर तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला कल से पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में शुरू होगा। भारत को पहले टेस्ट में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी।

दूसरे टेस्ट में भी भारतीय टीम का कम्पोजीशन वही रह सकता है जो पहले मैच में था, लेकिन इस बार कुछ नाम बदल सकते हैं। टीम फिर पांच बल्लेबाज, एक विकेटकीपर, तीन स्पिनर और दो फास्ट बॉलर के साथ उतरेगी। हालांकि, अंतिम-11 फाइनल करने से पहले टीम मैनेजमेंट को तीन सवालों के जवाब तलाशने होंगे।

● पहला सवाल- शुभमन गिल या केएल राहुल में से कोई एक खेलेगा? गिल चोटिल होने के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। अब वो फिट हैं। राहुल पहले टेस्ट में फेल रहे थे।

● दूसरा सवाल- रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के साथ तीसरे स्पिनर कुलदीप यादव होंगे या अक्षर पटेल? पहले टेस्ट में कुलदीप कुछ खास नहीं कर सके थे। अक्षर आते हैं तो बैटिंग मजबूत होगी।

● तीसरा सवाल- बुमराह के साथ सिराज होंगे या आकाशदीप? सिराज अपनी पुरानी लय में नहीं हैं। आकाशदीप नई गेंद से विकेट ले रहे हैं। बैटिंग भी कर सकते हैं।

सरफराज ने पक्की कर ली जगह बेंगलुरु टेस्ट में गिल को नंबर तीन पर खेलना था, लेकिन मैच से ठीक पहले वे इंजर्ड हो गए। उनकी जगह सरफराज खान को मौका मिला। सरफराज ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए सेंचुरी जमा दी। उनको अब बाहर रखना टीम मैनेजमेंट के लिए बहुत मुश्किल होगा।



● गिल या राहुल में से किसी एक को मौका

ऐसे में अगर गिल को प्लेइंग-11 में लाना है तो केएल राहुल को बाहर बैठना ही होगा। यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा, विराट कोहली ऋषभ पंत को तो ड्रॉप किया नहीं जा सकता है। ऐसे में बाहर होने का नंबर केएल राहुल का ही आता है। राहुल को अगर एक मौका और दिया गया तो गिल इस बार भी बेंच पर ही रह जाएंगे।। बैटिंग में गहराई लाने के लिए 3 ऑलराउंडर्स के साथ उतर सकती है टीम पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत की पूरी बल्लेबाजी ढह गई थी।

दूसरी पारी में टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर ने अच्छा खेल दिखाया था, लेकिन लोअर ऑर्डर कोई संघर्ष नहीं कर सका था। दूसरी पारी में भारत ने 3 विकेट पर 408 रन बना लिए थे, लेकिन आखिरी 6 विकेट 54 रन जोड़ने में गंवा दिए और टीम 462 पर ऑलआउट हो गई थी। इस बार ऐसी स्थिति न हो इसके लिए भारतीय टीम तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव की जगह अक्षर पटेल को मौका दे सकती है।

2 तेज गेंदबाजों को मिल सकता है मौका टीम इंडिया प्लेइंग-11 में फिर 2 तेज गेंदबाजों को मौका दे सकती है। जसप्रीत बुमराह का खेलना पक्का है। दूसरे पेस बॉलर के लिए मोहम्मद सिराज को आकाश दीप से चैलेंज मिल रहा है। पिछले मैच में मोहम्मद सिराज पेसर्स-फ्रेंडली पिच पर भी ज्यादा असरदार साबित नहीं हुए थे। सिराज ने इस साल 7 घरेलू टेस्ट खेले हैं और 42.83 की औसत से केवल 12 विकेट लिए हैं। यह जसप्रीत बुमराह के बिल्कुल विपरीत है जिन्होंने 7 मैचों में 33 विकेट लिए हैं।

आकाश दीप ने अब तक भारत के लिए 3 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 23.12 की औसत से 8 विकेट लिए हैं। आकाश दीप की बैटिंग भी सिराज के मुकाबले स्ट्रॉन्ग है।

जुरेल, कुलदीप समेत 5 खिलाड़ी नहीं होंगे प्लेइंग-11 का हिस्सा टीम इंडिया के 16 मेंबर्स स्क्वॉड में 5 प्लेयर्स बेंच पर बैठेंगे। इनमें विकेटकीपर ध्रुव जुरेल, राहुल या गिल में से कोई एक और कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज व वॉशिंगटन सुंदर की बाहर बैठने की संभावना ज्यादा है।

# जिम्बाब्वे ने टी20 इंटरनेशनल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया

## कप्तान सिकंदर रजा ने 33 गेंद में ठोकी सेंचुरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 7 चौके और 15 छक्के की मदद से 43 गेंद में 133 रन की नाबाद पारी खेली। उनके साथी क्लाइव मडांडे ने 17 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

जिम्बाब्वे ने 23 अक्तूबर 2024 को नैरोबी के रुआराका स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड पर इतिहास रचा। उसने टी20 इंटरनेशनल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। जिम्बाब्वे ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप सब रीजनल अफ्रीका क्वालिफायर ग्रुप बी के मैच में गाम्बिया के खिलाफ 20 ओवर में 4 विकेट पर 344 रन बनाये। यह पुरुष टी20 इंटरनेशनल मैच में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड नेपाल के नाम था। नेपाल ने 27 सितंबर 2023 को मंगोलिया के खिलाफ 20 ओवर में 3 विकेट पर 314 रन बनाये थे। टी20 इंटरनेशनल में अब तक सिर्फ नेपाल और जिम्बाब्वे ने ही 300 या उससे ज्यादा रन का स्कोर किया है।

जिम्बाब्वे की ओर से कप्तान सिकंदर रजा, विकेटकीपर बल्लेबाज तदिवानाशे मरुमानी, ब्रायन बेनेट और क्लाइव मडांडे ने गाम्बिया के गेंदबाजों की जमकर बखिया उधेड़ी। सिकंदर रजा ने 7 चौके और 15 छक्के की मदद से 43 गेंद में 133 रन की नाबाद पारी खेली। उनके साथी क्लाइव मडांडे ने 17 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने कितनी तेज बल्लेबाजी की इसका अंदाजा इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसके सिर्फ एक बल्लेबाज ने 200 से कम (ब्रायन बेनेट/192.31) के स्ट्राइक रेट से रन बनाये।

ब्रायन बेनेट के अलावा जिम्बाब्वे के हर बल्लेबाज ने 220 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाये। तदिवानाशे मरुमानी ने 9 चौके और 4 छक्के की मदद से 19 गेंद में 62 रन बनाये। डायोन मायर्स एक चौके और एक छक्के की मदद से 5 गेंद में 12 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रेयान बर्ल ने 3 चौके और एक छक्के की मदद से 11 गेंद में 25 रन की पारी खेली।

## शतरंज ओलंपियाड ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण की कमी काफी हद तक की पूरी: अभिजीत कुंटे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के नाम एक भी गोल्ड नहीं रहा। लेकिन बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली पुरुष और महिला शतरंज टीमों ने दोनों श्रेणियों में स्वर्ण पदक हासिल करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस जीत से पूरा देश खुशी से झूम उठा। महिला टीम के कोच अभिजीत कुंटे के अनुसार, उनकी सफलता ने ओलंपिक में मिली हार की भरपाई कर दी है। उन्होंने कहा, मैंने टीम से कहा कि हम 2022 वाली गलतियां नहीं दोहराएंगे, हम दबाव में नहीं आएंगे और दोहरा स्वर्ण जीतकर नया इतिहास रचेंगे। यह स्वर्ण पदक देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण था। हमने ओलंपिक में एक भी स्वर्ण नहीं जीता था और भले ही टूर्नामेंट में हमारे बारे में ज्यादा हाइप नहीं थी, लेकिन हमने ओलंपिक की काफी हद तक भरपाई की। मुझे लगता है कि इससे कई भारतीय बहुत खुश हुए होंगे। डी.गुकेश, आर. प्रागनानंदा, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और पी.हरिकृष्णा की युवा भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओपन वर्ग में 11 राउंड में अपराजित रहते हुए ओलंपियाड में भारत का पहला खिताब जीता।

महिला वर्ग में डी.हरिका, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, तानिया सचदेव और वंतिका अग्रवाल की भारतीय टीम ने आठवें राउंड में पोलैंड से मिली हार के बाद जोरदार वापसी की और अंतिम राउंड में अजरबैजान पर जीत के साथ खिताब जीता। एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2024 में अपने कोच के साथ मौजूद वंतिका ने दोहरी पदक विजेता होने के अपने व्यक्तिगत अनुभव के बारे में भी बात की। वंतिका ने बताया, दो स्वर्ण पदक जीतना बहुत गर्व का क्षण था, पुरुष और महिला टीम ने 100 साल बाद स्वर्ण पदक जीता। हम इतने खुश थे कि जब हमने अजरबैजान के खिलाफ मैच जीता तो हमने तुरंत जश्न मनाना शुरू कर दिया।

आईसीसी रैंकिंगः

# टेस्ट में विराट कोहली से आगे निकले ऋषभ पंत



**दुबई, एजेंसी।** ऋषभ पंत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बल्लेबाजों के लिए टेस्ट रैंकिंग में अपने सुपरस्टार भारतीय साथी विराट कोहली को पीछे छोड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 99 रन बनाए थे जिससे उन्हें रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ।

दूसरी तरफ कोहली 70 रन बनाने के बावजूद एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे गिरकर श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (36 पायदान ऊपर 18वें स्थान पर) और डेवोन कॉनवे (12 पायदान ऊपर 36वें स्थान पर) ने बल्लेबाजी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई जबकि उनके साथी मैट हेनरी (दो पायदान ऊपर नौवें स्थान पर) गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं।

न्यूजीलैंड की भारतीय धरती पर लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज विल ओरूर्के दो पायदान ऊपर 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को इंग्लैंड के खिलाफ दो पारियों में 11 विकेट लेने का फायदा मिला है। उन्होंने 17वें स्थान पर फिर से गेंदबाजी रैंकिंग में अपनी जगह बनाई।

# पुणे टेस्टः विराट कोहली की नजर 4 बड़े रिकॉर्ड तोड़ने पर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में व्यस्त है, जहां मेजबान टीम पुणे के मैदान पर होने वाले दूसरे टेस्ट मैच होना है। अगर हम इस मैदान पर उनके पिछले प्रदर्शन पर गौर करें तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर नजरें रहेंगी। कोहली ने महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में दो टेस्ट खेले हैं, जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 254 रन का सर्वोच्च स्कोर बनाया था। पुणे में मेहमान टीम के खिलाफ खेलते हुए कोहली कई रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करेंगे।

### विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में डेविड वार्नर का कुल योग

कोहली ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 2404 रन बना लिए हैं। वह डेविड वॉर्नर के कुल 2403 रन का रिकॉर्ड तोड़ने से सिर्फ 20 रन कम हैं।

### डॉन ब्रैडमैन का टेस्ट शतकों का रिकॉर्ड

कोहली वर्तमान में महान डॉन ब्रैडमैन के साथ बैठते हैं क्योंकि दोनों के नाम 29 टेस्ट शतक हैं। अपना 30वां टेस्ट शतक बनाने से कोहली डॉन से आगे निकल जाएंगे, जो उनके करियर में कोहली के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।

### सनथ जयसूर्या का टेस्ट अर्धशतक का रिकॉर्ड

कोहली 31 टेस्ट अर्धशतकों के साथ सनथ जयसूर्या, तमीम इकबाल, ब्रेंडन मैकुलम जैसे खिलाड़ियों की बराबरी पर हैं। पुणे टेस्ट में 50 या उससे अधिक रन बनाने पर उन्हें सर्वाधिक टेस्ट अर्द्धशतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में उच्च स्थान मिलेगा।

### ग्राहम डाउलिंग का न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड

कोहली के पास वर्तमान में न्यूजीलैंड के खिलाफ 936 रन हैं, जो उन्हें भारत बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में 5वें स्थान पर रखता है। यदि वह 29 रन और बना लेते हैं, तो वह ग्राहम डाउलिंग से आगे निकल जाएंगे जिनके नाम न्यूजीलैंड के खिलाफ 964 रन हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाड़ी ने तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के मैदान पर हर रोज नए रिकॉर्ड बन और टूट रहे हैं। लिस्ट-ए क्रिकेट में न्यूजीलैंड के 32 साल के खिलाड़ी चैड बाउस ने बड़ा कमाल किया है। उन्होंने फोर्ड ट्रॉफी में कैंटरबरी की टीम के लिए दमदार प्रदर्शन किया है और बेहतरीन दोहरा शतक लगाया है। उनकी वजह से ही टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही है।

### ट्रेविस हेड को भी छोड़ दिया पीछे

न्यूजीलैंड के घरेलू क्रिकेट में इस समय कैंटरबरी और ओटागो वोल्ट्स के बीच फोर्ड ट्रॉफी में लिस्ट-ए मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में कैंटरबरी की तरफ से खेलते हुए चैड बाउस ने कमाल का प्रदर्शन किया है।

उन्होंने दमदार बल्लेबाजी करते हुए दोहरा शतक लगाया है। उन्होंने अपना दोहरा शतक 103 गेंदों में पूरा कर लिया है। इसी के साथ चैड बाउस ने इतिहास रच दिया है।

वह लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और भारत के नारायण जगदीशन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इन दोनों के नाम लिस्ट-ए में 114-114 गेंदों में दोहरा शतक जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड था, जो अब टूट चुका है।

### कैंटरबरी की टीम ने बनाए 343 रन बनाए

चैड बाउस ने मैच में 110 गेंदों में कुल 205 रन बनाए, जिसमें 27 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। उनकी वजह से ही टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही।

चैड बाउस के अलावा जाकारी फॉल्क्स ने 49 रनों की पारी खेली। कैंटरबरी की टीम ने 50 ओवर के बाद 343 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ ओटागो वोल्ट्स के अभी 49 रनों पर ही पांच विकेट गिर गए हैं। ऐसे में यहां से कैंटरबरी की टीम की जीत निश्चित लग रही है।

### न्यूजीलैंड के लिए खेले 6 वनडे मैच

चैड बाउस का जन्म 19 अक्टूबर 1992 को हुआ था। इसके बाद उन्होंने न्यूजीलैंड की टीम के लिए साल 2023 में ओडीआई में डेब्यू किया था। फिर उन्होंने 6 वनडे मैचों में 99 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। न्यूजीलैंड की टीम के लिए वह 11 टी20 इंटरनेशनल मैच भी खेल चुके हैं और कुल 187 रन बनाए हैं। टी-20 में उनका हाईएस्ट स्कोर 54 रन रहा है।

सुल्तान जोहर कपः

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने लगाई जीत की हैट्रिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लिए शारदा नंद तिवारी (11वें ), अर्शदीप सिंह (13वें), तालेम प्रियाव्रत (39वें) और रोहित (40वें मिनट) ने गोल किए, जबकि मलयेशिया के लिए मुहम्मद दानिश ऐमन (8वां मिनट) और हैरिस उस्मान (9वां मिनट) ने गोल किए। तीन बार के चैंपियन भारत ने सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान मलयेशिया को 4-2 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखा। भारत की यह लगातार तीसरी जीत है। भारत नौ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है, जबकि न्यूजीलैंड पांच अंकों के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए शारदा नंद तिवारी (11वें ), अर्शदीप सिंह (13वें), तालेम प्रियाव्रत (39वें) और



रोहित (40वें मिनट) ने गोल किए, जबकि मलयेशिया के लिए मुहम्मद दानिश ऐमन (8वां मिनट) और हैरिस उस्मान (9वां मिनट) ने गोल किए। मलयेशिया ने इस मुकाबले में जोरदार शुरुआत कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया था। घरेलू टीम ने कप्तान मुहम्मद अदी जाजमी जमलुस के बनाए मौके पर मुहम्मद दानिश ऐमन के मैदानी गोल से बढ़त हासिल कर ली। उस्मान हैरिस ने पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से टीम ने एक मिनट बाद अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। भारत की अग्रिम पंक्ति ने हालांकि आक्रामक खेल जारी रखते हुए दबाव को हावी नहीं होने दिया। शानदार लय में चल रहे ड्रैग फ्लिकर शारदा नंद सिंह ने 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर मुकाबले में भारत की वापसी कराई। इसके दो मिनट के बाद मनमीत सिंह की मदद से अर्शदीप ने मैदानी गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया। मैच के शुरुआती क्वार्टर में चार गोल हुए, लेकिन दूसरा क्वार्टर गोलरहित रहा।

हॉफ टाइम के बाद तीसरे क्वार्टर के खेल में दोनों टीमों ने बढ़त लेने के लिए पूरी जोरआजमाईश की लेकिन सफलता भारत को मिली। प्रियव्रत ने सर्कल के किनारे से गोल कर मैच के 39वें मिनट में भारत ने 3-2 की बढ़त दिला दी। इसके बाद रोहित ने बेहतरीन पेनाल्टी कॉर्नर स्ट्राइक से भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। मलयेशिया ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन टीम इसे गोल में बदलने में विफल रही। इसके बाद दोनों टीमें गोल करने के मौके को भुनाने में नाकाम रही और भारत ने 4-2 से जीत दर्ज की।

## ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी थिएम ने संन्यास लिया

फेडरर नडाल ने उन्हें 'शानदार करियर' के लिए बधाई दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेनिस के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर और राफेल नडाल ने डोमिनिक थिएम को उनके संन्यास पर बधाई दी, क्योंकि ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने एर्स्टे बैंक ओपन में लुसियानो डार्डेरी के खिलाफ पहले दौर में हारकर अपने पेशेवर करियर को समाप्त कर दिया।



ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने 2020 यूएस ओपन में एक प्रमुख खिताब जीता। वह तीन अन्य स्लैम के फाइनल में भी पहुंचे, 17 एटीपी एकल खिताब जीते; करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग नंबर 3 हासिल की; और छह साल के बेहतर हिस्से के लिए शीर्ष 10 में शामिल रहे। फेडरर ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, एक शानदार करियर का अंत हो गया। बधाई डोमी।

# उर्वरक के डबल लॉक सेंटर, विक्रय केन्द्रों, निजी दुकानदारों की सतत मॉनिटरिंग की जाए : सुलेमान

## बेहतर तरीके से सोयाबीन उपार्जन एवं समय-सीमा में किसानों के सत्यापन के निर्देश




**पन्ना।** संभाग में रबी मौसम की तैयारियों एवं गत वर्ष खरीफ की समीक्षा के संबंध में आज संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान ने की। बैठक में कृषि, सहकारिता, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, पशुपालन, डेयरी, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य पालन विभागों और इनसे संबंधित संस्थाओं की योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों की जिलेवार समीक्षा की गई।

बैठक में प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अनुपम राजन, प्रमुख सचिव मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग डी.पी. आहूजा, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग ई. रमेश, सचिव कृषि विभाग अजय गुप्ता, संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत तथा पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार सहित संभाग अंतर्गत समस्त जिलों के कलेक्टर, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत और कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान ने विभागवार कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए मैदानी स्तर पर कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिये नवाचार तथा अधिक से अधिक किसानों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य विभाग की योजनाओं से जोड़ा जाये। उन्होंने रबी सीजन 2024-25 में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी जिलों में डीएपी को रिप्लेस्मेंट करने के संबंध में विशेष जागरूकता प्रयास किये जाये। उन्होंने कहा कि एनपीके किसी भी रूप में डीएपी अन्य उर्वरक से सब-ऑप्टिमल या कमतर अथवा कम प्रभावी नहीं है। अत: इस संबंध में कृषकों को जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा कि किसानों को उर्वरक समय पर उपलब्ध हो तथा उर्वरक वितरण सेंटरों की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। डबल लॉक सेंटर पर राजस्व, कृषि और पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के दल द्वारा संयुक्त मॉनिटरिंग की जाये। उर्वरक विक्रय केन्द्रों, निजी दुकानदारों की सतत निगरानी की जाये। पीओएस मशीन से उर्वरक की उपलब्धता एवं विक्रय की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। उन्होंने सोयाबीन उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि उपार्जन बेहतर तरीके से हो। किसानों का सत्यापन समय पर हो। सोयाबीन खरीदी के समय उसमें नमी तथा गुणवत्ता की जांच की जाए तथा किसानों को जागरूक करने के लिये लगातार प्रयास किये जाये।

प्रत्येक सोयाबीन उपार्जन केन्द्र पर खरीदी के एक दिन पूर्व टीम भेजकर केन्द्र का निरीक्षण किया जाये। शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो। आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता के लिये किसानों के पंजीयन के लिये विशेष अभियान चलाया जाये। प्रत्येक जिले में कृषि अभियांत्रिकी, कृषि विभाग एवं केवी के साथ बैठक आयोजित की जाये। उन्होंने फसलवार पंजीयन, बीज, उत्पादन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि संभाग में बीज प्रमाणीकरण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाये। उन्होंने मंडियों में फसल आवक एवं राजस्व प्राप्ति की समीक्षा करते हुए नियमित रूप से मंडियों के निरीक्षण के निर्देश दिये तथा मंडी में आने वाले किसानों का फीडबैक लेते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिये।

कृषि उत्पादन आयुक्त श्री सुलेमान ने संभाग में मत्स्य पालन गतिविधियों एवं योजनाओं एवं कार्यों के क्रियान्वयन समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि आरएएस कल्चर, बॉयोफ्लॉक, बेकयार्ड केस कल्चर की गतिविधियों का प्रत्येक जिले में क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाये। इस संबंध में उन्होंने हितग्राहियों से भी चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि योजना से किसानों को जोड़ा जाये। किसान क्रेडिट कार्ड से अधिक से अधिक मत्स्य पालन हितग्राहियों को जोड़कर लाभान्वित किया जाये। इसके लिये विशेष प्रयास सुनिश्चित किए जाये।

बैठक में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि उद्यानिकी फसलों को बेहतर मार्केट मिले और निर्यात की स्थिति बेहतर तरीके से सुनिश्चित हो इसके लिये विशेष प्रयास किये जायें। सब्जी, मसाला, पुष्प एवं फल संबंधी गतिविधियों से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के प्रयास किये जाये। नवाचार को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि नवाचारों के माध्यम से उद्यानिकी फसलों के आर्थिक महत्व की जानकारी किसानों को दी जाये तथा उन्हें उद्यानिकी फसलें लेने के लिये प्रोत्साहित किया जाये। किसानों के उत्पाद को बेहतर मार्केट, प्रोसेसिंग यूनिट से जोड़ने के लिये विशेष पहल की जाये।

बैठक में श्री सुलेमान ने सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि समितियों को बहुउद्देशीय रूप से उपयोगी बनाने के लिये विशेष प्रयास किये जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि अकार्यशील समितियों के परिसमापनाधीन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से टर्म लोन वितरण सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने ऋण वसूली की कम प्रगति के संबंध में निर्देश दिये कि इस विषय में विशेष प्रयास किये जाएं। उन्होंने पैक्स अंकेक्षण की प्रगति समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। सीसीबी बैंकों के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को केसीसी ऋण प्रदान करने के निर्देश भी दिये।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि मुर्गीपालन एवं बकरी पालन की गतिविधियों से अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोड़ा जाये। इसके लिये समस्त जिला पंचायत सीईओ विशेष रूप से कार्य क्रियान्वयन सुनिश्चित कराये। उन्होंने निर्देश दिये कि दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध संग्रहण की प्रगति बढ़ाते हुए अधिक से अधिक पशुपालकों को समितियों से जोड़ा जाये। उन्होंने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

# जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई बैठक



**पन्ना।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन और जिला न्यायाधीश व प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील न्यायालय अजयगढ़ में बैठक हुई। इस मौके पर आगामी 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही प्राधिकरण के सचिव द्वारा लोक अदालत में पक्षकारों को अधिकाधिक प्रकरणों का राजीनामा के जरिए निराकरण के लिए आमजनों को प्रेरित करने तथा निराकरण से होने वाले लाभ की जानकारी से अवगत कराने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा सोमवार को जिला जेल पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर भी आयोजित किया गया। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में जिला जेल द्वारा की जा रही कार्यवाही सहित जेल प्रबंधन द्वारा बंदियों के जमानत आदेश के उपरांत की जाने वाली प्रक्रिया, बंदी की रिहाई नहीं हो पाने पर प्राधिकरण को सूचित करने इत्यादि की जानकारी ली गई। साथ ही बंदियों को जेल में अनुशासन बनाए रखने व स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा बंदियों को अधिवक्ता सहायता, जेल प्रशासन के माध्यम से आवेदन प्रेषित करने, प्राधिकरण द्वारा की जाने वाली त्वरित कार्यवाही इत्यादि के बारे में भी बताया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने बंदियों को विधिक अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी दी।

### कीट प्रकोप की समस्या को लेकर किसानो ने सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** शाहनगर और पवई में कीट प्रकोप से धान की फसलें बर्बाद किसानों ने शाहनगर तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। कृषि विभाग की निष्क्रियता पर किसानों में नाराजगी जताते हुए तहसीलदार से फसल हानि का सर्वेक्षण शुरू कराने की मांग की है।

# भू-माफियाओं द्वारा बेंची गई शासकीय गुनौर बाईपास की जमीन

## सीमांकन करने पहुंचा राजस्व विभाग का अमला



**पन्ना।** गुनौर बाईपास की सरकारी ज़मीन के खसरा नंबर 1495/1 से 1495/7 पर अतिक्रमण व भूमाफिओ द्वारा उक्त ज़मीन की प्लॉटिंग करके विक्रय करने के सम्बन्ध मे कलेक्टर के निर्देश तहसीलदार गुनौर द्वारा बारह सदस्यीय टीम गठित कर संबंधित जमीन का सीमांकन कराया जा रहा है। ज्ञात हो कि उक्त शासकीय जमीन गुनौर निवासी एक बड़े भू-माफिया द्वारा अनेक लोगो को विक्रय कर दी गई थी। जिसकी शिकायत विगत दो वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय मे की गई थी। तथा उसके बाद जांच करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिये गये थें। लेकिन उस समय यह मामला औपचारिकता करके ठंडे बस्ते मे डाल दिया गया था। उक्त संबंध में फिर से मामले की जांच करने बीते 6 सितम्बर को अब्दुल रमजान चौहान द्वारा कलेक्टर पन्ना को आवेदन देकर शिकायत कर कार्यवाही करने की मांग की गई थी। जिसके संबंध में कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार के निर्देशन मे बीते 9 अक्टूबर को तहसीलदार गुनौर रत्नाराशि पाण्डेय ने उक्त सरकारी ज़मीन के सीमांकन व तरमीम कार्यवाही के लिए 12 सदस्यीय दल गठित किया था जिसमे दो आरआई तथा दस पटवारियों को शामिल किया गया है। तहसीलदार गुनौर द्वारा गठित दल ने दिनभर बाईपास के पास के सरकारी खसरा नंबर 1495 की ज़मीन का सीमांकन किया गया। उक्त कार्यवाही से सरकारी ज़मीन मे मकान बनाकर रहने वाले लोगो मे हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि उक्त कार्यवाही के सम्बन्ध मे तहसीलदार गुनौर द्वारा फिर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। आखिर कब तक मामले का खुलासा किया जायेगा। इसी मामले में संबंधित भू-माफिया द्वारा शिकायत करने को लेकर दो लोगो के खिलाफ फर्जी प्रकरण भी दर्ज कराया है। आंगे देखना है, उक्त शासकीय जमीन पर अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को कब तक हटाया जाता है।

# पीएम श्री विद्यालय रक्सेहा में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन



**पन्ना।** पीएम श्री हाईस्कूल रक्सेहा में गत शनिवार को जिला स्तरीय पीएम श्री विद्यालयों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रक्सेहा सहित पीएम श्री बालक उ.मा. विद्यालय अमानगंज, हरदुआ खमरिया, कृष्णगढ़, कन्या अजयगढ़, सब्दुआ और पीएम श्री हाईस्कूल भापतपुर कुर्मियान के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर विद्या वैभव क्विज, वाद-विवाद, डिजिटल और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

विद्या वैभव क्विज प्रतियोगिता में समर्थ गुप्ता, वाद-विवाद प्रतियोगिता में पक्ष एवं विपक्ष में क्रमश: विजया सिंह एवं साहिल शर्मा, डिजिटल प्रतियोगिता में प्रांशी अहिरवार तथा स्थानीय स्थलों पर केन्द्रित भाषण प्रतियोगिता में चंचल कुशवाहा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अतिथियों द्वारा अव्वल प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर प्राचार्य एस.बी. गर्ग, सुरेश त्रिपाठी सहित एपीसी विभूति मोहन पटेरिया उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक दल में सत्येन्द्र त्रिपाठी, जीतेन्द्र खरे, अंबिका द्विवेदी एवं कमलेश लोधी शामिल रहे।

# गलत सीमांकन करने वाले भ्रष्ट पटवारी को तत्काल हटाये जाने की मांग

## रिश्वत न देने पर कर दिया था गलत सीमांकन

पन्ना

पन्ना जिलें मे भ्रष्टाचार चरमसीमा पर पर रहा है, कोई भी कार्य बिना रिश्वत लिये अधिकारी कर्मचारी नहीं करते है, जिसके द्वारा रिश्वत नहीं दी जाती है, उसका काम ही नहीं होता है, गलत ढंग से उसे उलझा दिया जाता है। इसी प्रकार का मामला गुनौर तहसील अन्तर्गत ग्राम बहरासर पटवारी हल्का नम्बर 21 का प्रकाश मे आया है। वहां पर पदस्थ पटवारी अमित तिवारी द्वारा गलत सीमांकन कर दिया गया। जिससे महिला आवेदक भारी परेशान रहीं, उनके द्वारा आवेदिका मीना गोस्वामी पति रामकृष्ण गोस्वामी उम्र 48 वर्ष निवासी गहरा जिला पन्ना म.प्र. द्वारा फिर से सीमांकन कराने के लिए अनुविभागीय अधिकारी गुनौर को आवेदन दिया गया। जिस पर एसडीएम के निर्देश पर अन्य तहसील के दल द्वारा सीमांकन कराया गया जो सही पाया गया।



लेकिन हल्का के पटवारी द्वारा गलत सीमांकन तथा रिपोर्ट से मानसिक रूप से भी परेशान हुए, ज्ञात हो कि आवेदिका के क्रय शुदा आराजी नं. 317 रकवा 0.2500 हे. स्थित ग्राम हीरापुर प.ह.नं. 21 विरासर हलका तहसील गुनौर जिला पन्ना म.प्र. में स्थित है। आवेदिका ने उक्त आराजी क्रय की थी। आवेदिका द्वारा क्रय शुदा आराजी रकवा 0.2500 आरे है तथा पटवारी नक्शा में भी आराजी रकवा 0.2500 आरे है, दिनांक 28.05.2023 को हलका पटवारी व आर आई द्वारा सीमांकन किया गया नो गलत तरीके से नक्शा में छेडखानी करते पटवारी द्वारा जानबूझकर नक्शा में 0.2300 आरे लेख किया गया, जो त्रुटिपूर्ण एवं गलत है एवं आवेदिका को त्रुटिपूर्ण नक्शा की नकल प्रदाय की गई, जिस पर आवेदिका एक वर्ष तक परेशान होती रही। जिस पर आवेदिका द्वारा अनुविभागीय अधिकारी गुनौर जिला पन्ना के आदेशानुसार एवं तहसीलदार गुनौर द्वारा निगरानी दल गठित कर दिनांक 18.06.24 को दोबारा सीमांकन कराया गया। जिस पर सही व सत्य पाया गया। यह सब कृत्य पटवारी द्वारा आवेदिका से पैसा मांगने पर व आवेदिका द्वारा पैसा नहीं देने पर किया गया। उक्त मामले को लेकर संबंधित आवेदक तथा स्थानीय कृषको ने संबंधित पटवारी अमित तिवारी को तत्काल स्थानान्तरित करने एवं कार्यवाही करने की मांग की है।

# देवेंद्र नगर में बिजली विभाग द्वारा की गई छापा-मार कार्यवाही

## दो दर्जन लोगो पर चोरी के प्रकरण दर्ज



**पन्ना।** देवेंद्र नगर में बिजली चोरी रोकने के लिए पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता पन्ना सी.पी.सिंह एवं कार्यपालन अभियंता पन्ना अमितेश मिश्रा के निर्देशन में दिनांक 19 अक्टूर 2024 को देवेंद्र नगर क्षेत्र के कनिष्ट अभियंता तथा उनकी टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अनेक उपभोक्ताओं द्वारा कटिया फसाकर चोरी करने के मामले में दो दर्जन से अधिक लोगो का प्रकरण दर्ज किये गयें। इस दौरान बस स्टैंड, सलेहा रोड सतना रोड सोसायटी रोड बस स्टैंड, और बस्ती मोहल्ला शामिल थे। उक्त टीम में प्रशांत खरे सहायक अभियंता, तेजभान चतुर्वेदी सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, अमरदीप सिंह परिहार, कनिष्ठ अभियंता उमेश पांडे, कनिष्ठ अभियंता विकास गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता फिरोज खान द्वारा विद्युत चेकिंग की गई तथा अनेक लोगो के कनेक्शन विकच्छेन की कार्यवाही की गई।

# पूर्व पोस्टमास्टर ने, पोस्ट आफिस के ही कर्मचारी के साथ की धोखाधड़ी

## बिना हस्ताक्षर किये निकाल ली खाते से राशि

**पन्ना।** पन्ना जिले के देवेन्द्रनगर पोस्ट ऑफ़िस मैं पदस्थ पूर्व पोस्टमास्टर ध्रुव कुमार पांडे के द्वारा लाखों रुपये की राशि का गबन किया गया। देवेन्द्रनगर मैं साफ़ सफ़ाई कर्मचारी के रूप में पदस्थ रहें। कर्मचारी झल्लू सेन के साथ धोखाधड़ी की गई है तथा लाखो रूपये की राशि मे फर्जीवाडा किया गया है। उक्त पोस्ट मास्टर द्वारा 2015 से पदस्थ रहें कर्मचारी झल्लू लाल सेन का 2024 तक का मानदेय भुगतान नहीं किया गया, जबकी उक्त राशि पोस्ट मास्टर ध्रुव पान्डेय



उसके खाता से स्वंय निकालते रहें है। मामले का खुलासा तब हुआ जब झल्लू लाल सेन द्वारा हेड आफिस भोपाल सहित वरिष्ट कार्यालयों को मानदेय दिलाने के संबंध में पत्राचार किया गया। बेचारा सफाई कर्मचारी अपने मानदेय पाने के लिए अभी भी पोस्ट आफिस का चक्कर लगा रहा हैं। आवेदक झल्लू सेन ने बताया कि वर्ष 2022 मैं पत्नी की बीमारी के चलते पोस्ट ऑफ़िस आने मैं असमर्थ रहा पर जिसके कुछ दिन बाद पत्नी का भी देहांत हो गया। जिसके बाद पोस्टॉफ़िस पहुंचने पर पोस्टमास्ट्र ध्रुव पांडेय के द्वारा कहा गया की पोस्ट ऑफ़िस से तुम्हे निकाल दिया गया है। परंतु वर्ष भर से लगातार मानदेय आती रही मगर मुझे इसके बारे मैं कोई जानकारी नहीं थी। फर्जी हस्ताक्षर से सैलरी और मेरे खाते से सभी पैसे निकाल लिए गए। आवेदक ने संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

### शासकीय सेवकों का माह अक्टूबर 2024 के वेतन का आहरण 28 अक्टूबर तक करने का आदेश

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आगामी 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व के दृष्टिगत सभी शासकीय सेवकों के एक नवम्बर को देय अक्टूबर माह के वेतन का आहरण 28 अक्टूबर की स्थिति में करने के लिए समस्त विभागों को आदेशित किया गया है। जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया कि माह अक्टूबर 2024 के वेतन, मानदेय, पारिश्रमिक एवं आउटसोर्स कर्मचारियों का भुगतान 28 अक्टूबर 2024 एवं पश्चातवर्ती तिथियों में आहरित किया जाये। 25 अक्टूबर तक वेतन देयक कोषालय में प्रस्तुत न करने की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व आहरण-संवितरण अधिकारी का होगा।

# रैपुरा में निकला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन

## सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक रहे शामिल

**पन्ना।** उपखंड रैपुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकाला जिसमें सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया पथ संचलन नवीन मार्केट टीन सेड के नीचे प्रारंभ हुआ जो की है रैपुरा थाना से होते हुए झंडा बाजार, सुनकर मोहल्ला चौधरी मोहल्ला, लोधी मोहल्ला, जैन मंदिर, चौगाना मोहल्ला, हायर सेकेंडरी स्कूल से होते हुए शहीद द्वार गेट, कटनी तिराहा, रानी अवंती बाई चौक से वापस शारदा माता मंदिर से होते हुए नवीन मार्केट में संपन्न हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश खरे, विशिष्ट अतिथि पंडित दीनदयाल शर्मा एवं शाहनगर खंड



के संघ चालक पुष्पेंद्र अग्रवाल एवं जिला प्रचारक राजेंद्र एवं कटनी जिले से आए जिला सह कारवाह नीरज लोधी एवं मुख्य वक्ता शैलेंद्र चंदेल द्वारा स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बारे में विस्तार से बताया गया और डॉक्टर हेडगेवार जो संस्था के संस्थापक रहें उनके संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन शाहनगर सह खंड कार्यवाह कैलाश सेन द्वारा किया गया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, गुरूवार 24 अक्टूबर 2024 | 8


रीवा के राजकपूर आडोटोरियम में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मंत्री प्रहलाद पटेल, चेतन कश्यप, श्रीमती प्रतिमा बागरी एवं श्रीमती राधा सिंह मौजूद थी।



## विन्ध्य में औद्योगिक निवेश के लिए बड़े उद्यमियों ने दिखाया उत्साह

### विन्ध्य की नैसर्गिक संपदा और निवेश के अवसरों से अभिभूत हुए उद्योगपति

रीवा

रीवा में प्रदेश के पाँचवे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुभारंभ किया। कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में विन्ध्य में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं पर मुख्यमंत्री डॉ यादव के समक्ष उद्योगपतियों ने खुलकर अपने विचार रखे। विन्ध्य में बिजली, पानी, परिवहन के अच्छे साधन पर्याप्त खनिज, वन संपदा और औद्योगिक निवेश के लिए सकारात्मक वातावरण से उद्योगपति अभिभूत हुए।

उद्घाटन समारोह में डालमिया ग्रुप के महाप्रबंधक पुनीत डालमिया ने कहा कि रीवा जैसे में बहुत शानदार तरीके से इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है। इससे विन्ध्य में औद्योगिक निवेश के बड़े अवसर पैदा होंगे। समारोह में प्रदेश के बड़े अधिकारियों ने मध्यप्रदेश की जो तस्वीर प्रस्तुत की है उससे सभी उद्योगपति बहुत प्रभावित हैं। विन्ध्य में डालमिया उद्योग चार लाख टन उत्पादन क्षमता का सीमेंट प्लांट लगाने जा रहा है। इसमें तीन हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। यह प्रदेश का नवकरणीय ऊर्जा पर चलने वाला पहला सीमेंट प्लांट होगा। विन्ध्य में पर्यटन के विकास में भी हमारा ग्रुप निवेश करेगा।

पतंजलि ग्रुप के महाप्रबंधक आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि हमारे ग्रुप में काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों ने बहुत बड़ी संख्या मध्यप्रदेश के निवासियों की है। विन्ध्य कला, संस्कृति और संस्कार की भूमि है। पूरा मध्यप्रदेश शांति का टापू है। पतंजलि ने स्वदेशी उत्पादों और नवीन टेक्नॉलाजी को लगातार बढ़ावा दिया है। मध्यप्रदेश के रूचि सोया प्लांट को नया जीवन देकर पतंजलि ने कई खाद्य उत्पाद बना रहा है। मध्यप्रदेश में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए हम किसानों का सहयोग कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के कई जिलों में सरसों, अन्य तिलहनों तथा औषधीय पौधों की खेती के लिए किसानों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर सहयोग कर रहे हैं। ऑर्गेनिक खेती की उपज को किसानों से सीधे खरीदकर उन्हें लाभ दे रहे हैं। पतंजलि उज्जैन में उद्योग और आयुर्वेदिक केन्द्र की स्थापना करेगा। सोलर एनर्जी और आईटी के क्षेत्र में भी हम बड़ा निवेश करेंगे। समारोह में रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रेसिडेंट श्री एचके त्रिपाठी ने कहा कि हमारा उद्योग जन कल्याण और देश के विकास में सतत योगदान के लक्ष्य को लेकर लगातार निवेश कर रहा है। कपड़ा उद्योग, मोबाइल सेक्टर, ऊर्जा क्षेत्र सहित अनेक क्षेत्रों में कार्य हो रहे हैं। शहडोल में मीथेन गैस का दोहन करके उसका ऊर्जा के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

हम विन्ध्य क्षेत्र में धान की पराली, केले के अवशेष तथा अन्य खेती के अवशेषों से बिजली बनाने का प्लांट शीघ्र ही लगाएंगे। ऑर्गेनिक खाद का उत्पादन करके पर्यावरण संरक्षण एवं किसानों की आय बढ़ाने में सहयोग करेंगे। समारोह में रामा ग्रुप के सीएमडी श्री नरेश गोयल ने कहा कि हम सतना जिले में 1998 से लकड़ी पर आधारित उद्योग संचालित कर रहे हैं। शीघ्र ही लकड़ी पर आधारित दो नई इकाईयों की विन्ध्य में स्थापना की जाएगी। लगभग सौ करोड़ का हम निवेश करने जा रहे हैं। साथ ही 400 करोड़ का एमडीएफ यूनिट स्थापित करने की योजना पर भी कार्य हो रहा है। वर्तमान में उत्तराखंड में प्लाईवुड यूनिट और छत्तीसगढ़ में दो यूनिट स्टील आयरन की भी लगाई गई हैं। वुड बेस्ड इंडस्ट्री वनों पर आधारित नहीं है। यह अब एग्रो बेस्ड वुड पर आधारित हो गया है। समारोह में अडाणी ग्रुप के भिमसी कचोट ने कहा कि हमारा ग्रुप मध्यप्रदेश में सीमेंट और ऊर्जा के क्षेत्र में पहले ही बड़ा निवेश कर चुका है। हमारे दो प्रोजेक्ट पीपीपी मोड पर तैयार हो रहे हैं। हम ऊर्जा के क्षेत्र में भी निवेश बढ़ाएंगे। मध्यप्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए बहुत ही सकारात्मक नीतियाँ हैं।

## रीवा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 31 हजार करोड़ के मिले प्रस्ताव: मुख्यमंत्री

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के समापन पर मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेस में पत्रकारों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कान्क्लेव की उपलब्धियों की जानकारी लेते हुए कहा कि रीवा का आयोजन सबसे सफल रहा। रीवा में कॉन्क्लेव के लिए सबसे शानदार व्यवस्थाएँ की गयी। रीवा में कान्क्लेव में 31 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव रीवा के औद्योगिक विकास के लिए क्रांतिकारी कदम साबित होगा। इसमें भाग लेने के लिए पूरे प्रदेश से 4 हजार से अधिक उद्यमियों ने पंजीयन कराया। इसमें 10 राज्यों के निवेशकों ने भागीदारी की साथ ही 300 से अधिक वायरसेलर मीटिंग की गयी। कार्यक्रम में 150 से अधिक विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।




मुख्यमंत्री ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले सभी उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीति तथा सकारात्मक वातावरण की प्रशंसा की है। मध्यप्रदेश में सिद्धार्थ इंफाटेक 12 हजार 800 करोड़ रूपये, ऋत्विक प्रोजेक्ट 4 हजार करोड़ रूपये, केजीएस सीमेंट 14 हजार करोड़ रूपये, पतंजलि ग्रुप एक हजार करोड़ रूपये, रामा ग्रुप 500 करोड़ रूपये, सोलर एएमसी सर्विस प्रा.लि. 400 करोड़ रूपये, बीपीसीएल पेट्रोकेमिकल 300 करोड़ रूपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। साथ ही शारदा मिनरल्स ग्रुप 225 करोड़ रूपये, एस गोयंका ग्रुप में 200 करोड़ रूपये, शिव शिक्त कंस्ट्रक्शन कंपनी 175 करोड़ रूपये, आडानी ग्रुप ने सिंगरौली में 2528 करोड़ रूपये, जय प्रकाश पावर बेंचर 750 करोड़ रूपये, एनटीपीसी ने सोलर प्लांट के लिए 103 करोड़ रूपये, अल्ट्राटेक सीमेंट लि. मैहर में 3000 करोड़ रूपये तथा निसर्ग इस्पात सीधी में एक हजार करोड़ रूपये तथा अन्य उद्योगों में 2063 करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इनसे लगभग 30 हजार लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा।

## रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में खनन और खनिज क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर विशेष सत्र आयोजित

**रीवा।** रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के दौरान खनिज साधन विभाग द्वारा खनन और खनिज क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। सत्र में खनन और खनिज क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर श्री संजय कुमार शुक्ला प्रमुख सचिव खनिज संसाधन विभाग द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। उन्होंने प्रदेश में खनन एवं खनिज के क्षेत्र अपार संभावनाओं को विस्तार के साथ बताया। प्रबंध संचालक श्री अनुराग चौधरी ने विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी प्रदान की तथा रेडी मिक्स कांक्रीट के क्षेत्र में संभावनाओं के विषय में जानकारी साझा की। उन्होंने खनन एवं खनिज के क्षेत्र में विस्तार के लिए लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किये। श्री जितेंद्र मलिक निदेशक तकनीकी (ऑपरेशंस) नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने खनन के क्षेत्र में पर्यावरण अनुकूल तकनीकी के क्षेत्र में अपार संभावनाओं से लोगों को अवगत कराया। नई तकनीकी के प्रयोग से पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान संभव है तथा निवेश की भी संभावनाएं हैं। श्री भरत सहस्त्रबुद्धे सहायक उपाध्यक्ष सतना सीमेंट वर्क्स बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने खनिज के ब्लॉक आवंटन के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। श्री मनीष सिंह अध्यक्ष तकनीकी प्रिज्म सीमेंट ने रीवा संभाग ने लाइम स्टोन की उपलब्धता के कारण संभावनाओं के बारे में बताते हुए तकनीकी में आ रहे परिवर्तनों से उसके पर्यावरण अनुकूलता के विषय में अवगत कराया। श्री दिनेश दीक्षित हेड माइंस डालमिया सीमेंट ने मध्यप्रदेश के देश के मध्य में होने के कारण होने वाले लाभों के विषय में चर्चा की।


## रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में खनन और खनिज क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर विशेष सत्र आयोजित

**रीवा।** रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के दौरान खनिज साधन विभाग द्वारा खनन और खनिज क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। सत्र में खनन और खनिज क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर श्री संजय कुमार शुक्ला प्रमुख सचिव खनिज संसाधन विभाग द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। उन्होंने प्रदेश में खनन एवं खनिज के क्षेत्र अपार संभावनाओं को विस्तार के साथ बताया। प्रबंध संचालक श्री अनुराग चौधरी ने विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी प्रदान की तथा रेडी मिक्स कांक्रीट के क्षेत्र में संभावनाओं के विषय में जानकारी साझा की। उन्होंने खनन एवं खनिज के क्षेत्र में विस्तार के लिए लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किये। श्री जितेंद्र मलिक निदेशक तकनीकी (ऑपरेशंस) नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने खनन के क्षेत्र में पर्यावरण अनुकूल तकनीकी के क्षेत्र में अपार संभावनाओं से लोगों को अवगत कराया। नई तकनीकी के प्रयोग से पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान संभव है तथा निवेश की भी संभावनाएं हैं। श्री भरत सहस्त्रबुद्धे सहायक उपाध्यक्ष सतना सीमेंट वर्क्स बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने खनिज के ब्लॉक आवंटन के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। श्री मनीष सिंह अध्यक्ष तकनीकी प्रिज्म सीमेंट ने रीवा संभाग ने लाइम स्टोन की उपलब्धता के कारण संभावनाओं के बारे में बताते हुए तकनीकी में आ रहे परिवर्तनों से उसके पर्यावरण अनुकूलता के विषय में अवगत कराया। श्री दिनेश दीक्षित हेड माइंस डालमिया सीमेंट ने मध्यप्रदेश के देश के मध्य में होने के कारण होने वाले लाभों के विषय में चर्चा की।

प्रतीक सिंह परिहार प्रबंध निदेशक सिद्धिदात्री मिनरल्स प्रा. लि. ने क्षेत्र में ग्रेनाइट खनन से जुड़ी संभावनाओं एवं चुनौतियों के संबंध में अपने विचार साझा किए।

## रॉयल राजपूत संगठन ने रेडक्रास रीवा को सौपा शव फ्रीजर

**रीवा।** रॉयल राजपूत संगठन सामाजिक संस्था है और समय-समय पर मानवसेवा का कार्य रीवा के साथ ही पूरे मध्यप्रदेश में करती रहती है। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व ही रॉयल राजपूत संगठन ने मानवसेवा के लिए दो एम्बूलेन्स संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय रीवा को भेट की थी उसी कड़ी में एक कदम और बढ़ाते हुए रॉयल राजपूत संगठन ने भारतीय रेडक्रास सोसायटी रीवा के चेयरमैन डा.प्रभाकर चतुर्वेदी को शव की सुरक्षा हेतु मोर्चरी फ्रीजर वाक्स (शव फ्रिज) राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह बघेल के नेतृत्व में मानव सेवा हेतु निःशुल्क समर्पित किया।

## एमएसएमई और स्टार्टअप में निवेश के अवसरों पर विशेषज्ञों ने युवा पीढ़ी को सेक्टर सत्र के माध्यम से कराया अवगत

**रीवा।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा एमएसएमई और स्टार्टअप में निवेश के अवसरों पर एक महत्वपूर्ण सेक्टोरल सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में, एमएसएमई और स्टार्टअप में निवेश के अवसरों पर डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, आईएएस, सचिव सह आयुक्त, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। प्रो. डॉ. अतुल पांडे, प्रोफेसर और डीन, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा ,डॉ. संदीश कुमार जैन, प्रिंसिपल डायरेक्टर और हेड, सीआईपीईटी, भोपाल,श्री राजीव खन्ना, प्रबंध निदेशक, खन्ना पॉलीवीव प्रा. लि. रीवा, डॉ. मोनी थॉमस, निदेशक और सीईओ, जवाहर रफ्तार-एग्री बिजनेस इनक्यूबेटर जबलपुर,श्री कमर जावेद, महाप्रबंधक नाबार्ड भोपाल पैनल में प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस सत्र में विशेषज्ञ द्वारा बताया गया की एमएसएमई अधीनस्थ कंपनियों के रूप में बड़ी कंपनियां को बढ़ावा देने में बहुत बड़ा योगदान निभाती है चाहे वो व्यापार सेवा या विनिर्माण से संबंधित हो। सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने औद्योगिक आकांक्षियों को उद्योग खोलने के लिए वित्त प्रबंधन,मानव पूंजी प्रबंधन, कौशल प्रबंधन के साथ-साथ उपलब्ध मार्केट से लाभ उठाने के सुझाव दिए। सत्र में यह भी बताया गया कि आकांक्षी कैसे अपने उद्योग के लिए सरकार की मूलभूत सुविधाओं का फायदा ले सकता है।

## झूठी एफ.आई.आर.की जांच कराने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

**रीवा।** रामबहादुर भारती तनय नारायण भारती निवासी ग्राम लौरी नं.2 थाना गढ़ जिला रीवा (म.प्र.) पुलिस अधीक्षक रीवा के समक्ष शिकायती आवेदन पत्र प्रस्तुत कर गुहार लगाई है कि उसके गांव का ही निवासी सुरेन्द्र तिवारी तनय रामावतार तिवारी काफी सरहंग व अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसने लालगांव गढ़ रोड के किनारे स्थित ग्राम लौरी में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर भवन निर्माण किया है जिसकी शिकायत रामबहादुर भारती के बड़े भाई राजकुमार भारती द्वारा सक्षम अधिकारियों के समक्ष की गई थी जिस वजह से सुरेन्द्र तिवारी रामबहादुर भारती के पूरे परिवार से रंजिश रखता है और उसने गढ़ थाने में पूर्व में दिनांक 18.9.2023 को रामबहादुर भारती, भाई राजकुमार भारती व भतीजे अमन भारती के विरुद्ध झूठी रिपोर्ट लेख कराई थी जबकि घटना में दर्शित दिनांक 18.9.23 व वर्णित समय पर अमन भारती त्रैमासिक परीक्षा दे रहा था किन्तु उक्त तथ्यों की सत्यता के परख के बिना थाना पुलिस ने उनके विरुद्ध झूठी रिपोर्ट लेख की थी तदोपरान्त भी पुनः सुरेन्द्र तिवारी द्वारा गढ़ थाने में दुवारा झूठी एफ.आई.आर.लेख कराई गई।

## बघेली और श्री अन्न के व्यंजनों से महक उठा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव परिसर

**बगजा, रिकमच, बरा-मुगौरा, इदरहर, दालपूरी, गुराम जैसे व्यंजनों से मेहमानों की सजी थी थाली**

रीवा

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयासों से 23 अक्टूबर को संभागीय मुख्यालय रीवा में पहली बार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम रीवा में संपन्न हुआ। कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले अतिथियों तथा उद्योगपतियों के लिए बघेलखण्ड के विशेष व्यंजनों से भोजन की थाली सजाई गई थी। मेहमानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ व्यंजनों को चखा तथा इन व्यंजनों की तारीफ की।

मेहमानों के लिए बघेलखण्ड के जाने-पहचाने व्यंजन बगजा, रिकमच, बरा-मुगौरा, इदरहर, तस्मई, दालपूरी, गुराम, बाटी, भरता, अगाकर, महुआ से बने लाटा, लड्डू, मौहरी आदि जैसे अनेक व्यंजन परोसे गए। कॉन्क्लेव में श्री अन्न के बने व्यंजनों की भी धूम रही। कोदौ-कुटकी, मक्का, ज्वार तथा बाजरा के बने व्यंजनों का सबने स्वाद चखा। बघेलखण्ड की सांस्कृतिक परंपरा के अनुसार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में आने वाले अतिथियों का जहाँ आत्मीय स्वागत किया गया वहीं उनकी खातिरदारी में भी कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी गई। इस उत्सव को यादगार बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गईं थी, जिसकी अतिथियों द्वारा सराहना की गई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्रमुख उद्योगपतियों से की वन-टू-वन चर्चा

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में रीवा इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव (आरआईसी) में उद्योग जगत के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ एक महत्वपूर्ण वन-टू-वन बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश के नए अवसरों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि रीवा आरआईसी प्रदेश का एक महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र बनकर उभरेगा, जहां राज्य सरकार उद्योगपतियों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। सरकार ने निवेश के लिए उद्योग-अनुकूल नीतियों को मजबूत किया है, जिससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को तेज़ी से बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य काश्यप, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन एवं प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे।



डालमिया सीमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ श्री पुनीत डालमिया ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को प्रदेश में सीमेंट प्लांट एवं नवीन माइनिंग परियोजना स्थापित करने की जानकारी दी। उन्होंने ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने एवं अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में अपनी कार्ययोजना बताई। प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावना बताते हुए सिद्धार्थ इंफ्राटेक (ग्रीनको) के निदेशक श्री मधुसूदन कोंडा ने रीवा एवं पन्ना जिले में पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज प्लांट स्थापित करने की परियोजना से अवगत कराया। श्री कोंडा द्वारा निवेश के इस प्रोजक्ट की सराहना मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की। सीएम डॉ. यादव को एस गोयनका ग्रुप के एमडी श्री आनंद गोयनका ने खनन क्षेत्र अन्तर्गत क्लिंकर प्लांट लगाए जाने की योजना बताई। सीएम डॉ. यादव ने उन्हें आश्वस्त किया कि इस परियोजना के लिए सरकार द्वारा अतिरिक्त भूमि आवंटन, एकल खिड़की अनुमतियाँ एवं पूंजीगत सहायता प्रदान की जाएगी। पेट्रो-केमिकल उद्योग के विकास के अवसरों पर चर्चा करते हुए बीपीसीएल सीजीएम श्री कपिल राजोरिया ने सिंगरौली जिले में पेट्रोलियम स्टोरेज एवं डिस्ट्रीब्यूशन डिपो स्थापित किए जाने की योजना बताई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उन्हें आश्वस्त किया कि डिस्ट्रीब्यूशन डिपो तक पहुंच मार्ग के लिए भूमि और कनेक्टिविटी संबंधी मुद्दों को हल किया जाएगा।

रामा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री नरेश गोयल ने मेन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में अपनी परियोजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से लगभग दो हजार से अधिक व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। सीएम डॉ यादव को स्टार ग्रुप के चेयरमैन श्री रमेश सिंह ने पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट के संबंध में जानकारी दी।

इसी क्रम में रिलायंस बायो एनर्जी बिजनेस हेड श्री हरींद्र के. त्रिपाठी, सोलर एएमसी के सीईओ श्री दिगेंद्र राठौड़ एवं महान एनर्जी लिमिटेड अडानी समूह के क्लस्टर प्रमुख श्री बच्चा प्रसाद ने भी नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में संभावनाओं पर विचार साझा किए।

प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीति की सराहना करते हुए मेहरोत्रा बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर श्री अतुल मेहरोत्रा ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास की दिशा में अपनी योजनाएं साझा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग अंतर्गत श्री अन्न के उत्पाद भी तैयार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

केजेएस सीमेंट के डायरेक्टर श्री के.एस. सिंघवी ने मैहर में सीमेंट उद्योग के विस्तारीकरण पर अपनी योजना बताई और इसके लिए वित्तीय सहायता एवं भूमि आवंटन की चर्चा की। आदित्य बिरला अल्ट्राटेक के चीफ ऑपरेशन ऑफिसर मैन्युफैक्चरिंग - सेन्ट्रल क्लस्टर श्री राजेन्द्र काबरा ने निवेश के संबंध में चर्चा की।

वास्टेक इंक के निदेशक श्री सिद्धार्थ शुक्ला ने आईटी एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी योजनाओं को प्रस्तुत किया और भोपाल में फरवरी 2025 में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अमेरिका में संचालित किए जा रहे डाटा सेंटर एवं ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर के प्रतिनिधियों को लेकर आने की इच्छा जाहिर की। बालाजी वेफर्स के एमपी हेड श्री समीर पातर ने आरआईसी की प्रसंशा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में यह कॉन्क्लेव विन्ध्य क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। श्री पातर ने प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार संभावनाओं से उन्हें अवगत कराया। सुदर्शन टेक्नो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ श्री प्रतीक गोला ने रक्षा मेन्यूफैक्चरिंग तथा बिजक्राफ्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के एमडी श्री संतोष कांबले ने मैन्युफैक्चरिंग उद्योग में अपनी कंपनी की भूमिका के बारे में जानकारी दी।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833